राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 309
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 02 अक्टूबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 अत्याधुनिक तकनीक और उत्कृष्ट समन्वय का केंद्र बना व्यावसायिक
पेज 4 सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए कड़े निर्देश
पेज 6 चाइना ओपन: जैनिक सिनर का दबदबा कायम, दूसरी बार किया

## संक्षिप्त खबरें

### हरियाणवी डांसर सपना चौधरी की मां का निधन

**गुरुग्राम।** हरियाणा की मशहूर डांसर और सिंगर सपना चौधरी की मां नीलम चौधरी का निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से पीलिया की बीमारी से जूझ रही थीं और दिल्ली के द्वारका स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती थीं। इलाज के दौरान उनकी हालत बिगड़ गई और मंगलवार रात करीब 11 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। बुधवार को नीलम का अंतिम संस्कार नजफगढ़ के श्मशान घाट पर किया गया। इसमें सपना चौधरी, उनके पति वीर साहू और परिवार के करीबी सदस्य मौजूद रहे। मां की मौत से परेशान और दुखी सपना चौधरी ने इंस्टाग्राम पर अपनी प्रोफाइल फोटो भी ब्लैक कर दी है।

### 2 साल पहले राजकोट से गिरफ्तार 3 आतंकियों को उम्रकैद

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट की सेशन कोर्ट ने बुधवार को तीन आतंकियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। ये तीनों आतंकी राजकोट शहर के सोनी बाजार से 26 जुलाई, 2023 को गिरफ्तार किए गए थे। जांच में पता चला कि तीनों आतंकी संगठन अल-कायदा से जुड़े हुए थे। गुजरात एटीएस को जानकारी मिली थी कि राजकोट से अमन, अब्दुल शुकूर और सैफ नवाज नाम के तीन आतंकी अल कायदा के लिए स्लीपर सेल तैयार कर रहे थे। तीनों के फोन की जांच पर भी इसका खुलासा हुआ था कि ये संगठन में युवाओं की भर्ती और फंडिंग का काम कर रहे थे।



## हैप्पी मॉर्निंग


पत्नी (पति से)- मैं आपके जन्मदिन पर नए कपड़े लाई हूं.........
पति- अरे वाह, लाओ दिखाओ
पत्नी- रुको मैं अभी पहन के आती हूं
पत्नी की बात सुमकर पति ने अपना सिर पकड़ लिया......



## शायरी

नि:शस्त्र अहिंसा की शक्ति किसी भी परिस्थिति में सशस्त्र शक्ति से सर्वश्रेष्ठ होगी।
-महात्मा गांधी

## अर्थसार



सेंसेक्स:
80,983.31
+715.70 (0.89%)
निफ्टी:
24,836.30
+225.20

## मौसम



अधिकतम : 32 डिग्री से0
न्यूनतम : 25 डिग्री से0
सूर्योदय शुक्रवार : 6 : 18
सूर्यास्त गुरुवार : 6 : 33

**भारी भीड़**



बिहार के पटना में नवमी उत्सव के दौरान भारी भीड़ के बीच लोग ट्रेन में चढ़ने के लिए बड़ी संख्या में इकट्ठा हुए।

## नवजोत सिद्धू की पत्नी लड़ेंगी विधानसभा चुनाव

**अमृतसर।** पंजाब में नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी नवजोत कौर सिद्धू एक बार फिर से राजनीति में एक्टिव हो गई हैं। उन्होंने आज (1 अक्टूबर) को अमृतसर ईस्ट विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की दावेदारी की है। चंडीगढ़ में कांग्रेस की मीटिंग के दौरान नवजोत कौर ने कहा कि वह जनता की सेवा करना चाहती हैं और विधायक बनकर यह काम और बेहतर तरीके से कर पाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि उनके क्षेत्र के लोग चाहते हैं कि वह चुनाव लड़ें। बता दें कि नवजोत कौर पहले भी इस सीट से विधायक रह चुकी हैं। उन्होंने 2012 में बीजेपी के टिकट पर अमृतसर ईस्ट से चुनाव जीता था। लेकिन साल 2016 में अकाली दल और बीजेपी के गठबंधन से नाराज होकर उन्होंने पार्टी छोड़ दी और कांग्रेस में शामिल हो गईं। हालांकि 2017 के बाद उन्होंने कांग्रेस से भी दूरी बना ली थी। अब दोबारा उनके एक्टिव होने से पंजाब की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है।

# मानसून सीजन खत्म, देश में हुई 1500 मौतें

**राजस्थान में भारी बारिश, जयपुर में रावण के पुतले बहे, अक्टूबर में 15 प्रतिशत ज्यादा बारिश संभव**

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** देशभर से मानसून मंगलवार को खत्म हो गया, लेकिन बारिश का दौर जारी है। राजस्थान में बुधवार को तेज बारिश का अलर्ट है। कल जयपुर, सीकर सहित कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। जयपुर में 2 घंटे की बारिश से सड़कें तालाब बन गईं।

जयपुर के इलाकों में 2 से 3 फीट पानी भर गया। दशहरा पर रावण दहन के लिए तैयार पुतले भी पानी में बहते दिखे। कोटा में 221 फीट ऊंचा रावण का पुतला भीग गया। दावा है कि यह दुनिया का सबसे ऊंचा रावण का पुतला है। मौसम विभाग ने राजस्थान में



दशहरे के दिन, 2 अक्टूबर को भी तेज बरसात की आशंका जताई है।

भारतीय मौसम विभाग ने बताया कि इस साल देश में मानसून सीजन (जून से सितंबर तक) में सामान्य से 8% ज्यादा बारिश हुई है। भारत में चार महीने के दौरान 868.6 मीमी बारिश होती है। इस साल 937.2 मीमी वर्षा दर्ज की गई।

मौसम से जुड़ी घटनाओं में 1520 लोगों की मौत हुई। कुल मौतों में से 935 बाढ़ और भारी बारिश से हुईं, जबकि 570 लोग बिजली गिरने और आंधी-तूफान में मारे गए। मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा 290 मौतें दर्ज की गईं।

आईएमडी ने बताया कि बारिश का दौर अक्टूबर से दिसंबर तक जारी रहेगा। अक्टूबर में सामान्य से 15 प्रतिशत ज्यादा बारिश हो सकती है। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल और कर्नाटक में भी मानसून के बाद सामान्य से ज्यादा बारिश हो सकती है।

## सोनम वांगचुक की पत्नी ने राष्ट्रपति को लेटर लिखा

- कहा- आदिवासी होने के चलते लद्दाख के लोगों की भावनाएं समझें, पति की रिहाई की मांग की



**लेह।** लद्दाख के पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंगमो ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा। उन्होंने अपील की कि राष्ट्रपति एक आदिवासी होने के चलते लद्दाख के लोगों की भावनाओं को समझें।

आंगमो यह लेटर पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को भी भेजा है। पत्र में आंगमो ने सोनम वांगचुक की बिना शर्त रिहाई की मांग की है। सोनम को उन्होंने जलवायु परिवर्तन और पिछड़े आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए आंदोलन करने वाला शांतिपूर्ण गांधीवादी प्रदर्शनकारी बताया है।

सोनम वांगचुक को लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। उन पर कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत आरोप लगाए गए और उन्हें जोधपुर सेंट्रल जेल भेज दिया गया।

### वांगचुक की रिहाई की मांग तेज

लद्दाख को राज्य का दर्जा और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक समेत अन्य गिरफ्तार युवाओं की रिहाई की मांग तेज हो गई है। करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस ने कहा है कि लद्दाख में हालात सामान्य होने तक केंद्र की उच्च अधिकार प्राप्त कमेटी से बात नहीं करेंगे।

# एनसीआरबी रिपोर्ट 2023- देश में 7 प्रतिशत क्राइम बढ़ा

**हत्या में यूपी, दुष्कर्म में राजस्थान आगे; महिलाओं के खिलाफ अपराध ने 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ा**

नई दिल्ली। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो ने मंगलवार को देश में 2023 के दौरान हुए अपराधों की रिपोर्ट सार्वजनिक की। रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 में देश में कुल 62 लाख 41 हजार 569 अपराध दर्ज हुए। ये 2022 की तुलना में 7.2% ज्यादा हैं।

देशभर में महिलाओं पर 4.48 लाख अपराध दर्ज हुए, जो 10 साल में सबसे ज्यादा हैं। दुष्कर्म के मामलों में राजस्थान (5,078 केस) का पहला स्थान है। हत्या के मामले में यूपी (3,206 केस) सबसे आगे है।

वहीं, देशभर में बड़े क्राइम जैसे हत्या, दुष्कर्म और लूट के मामलों में कमी देखी गई है। हालांकि, इनमें दुष्कर्म के केस सबसे ज्यादा दर्ज किए गए। दूसरे नंबर पर हत्या और तीसरे पर लूट के केस दर्ज हुए।

### हत्या-अपहरण के मामलों में यूपी-बिहार ऊपर

इस रिपोर्ट के मुताबिक राज्यों में हत्या और अपहरण के मामलों में उत्तर प्रदेश और बिहार सबसे ऊपर हैं। यानी गंभीर अपराधों की संख्या अन्य राज्यों की तुलना में इन दोनों राज्यों में सबसे अधिक है। इसके अलावा, सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में भी यूपी टॉप पर है, जो राज्य में बढ़ती ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था की चिंताओं को दर्शाता है।

### देश में साइबर क्राइम के 86,420 केस दर्ज

देशभर में साइबर क्राइम के मामलों





में 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। 2023 में कुल 86,420 केस दर्द किए गए। साइबर के माध्यम से हत्या के मामले में यूपी, दुष्कर्म में राजस्थान और लूट में महाराष्ट्र सबसे आगे रहा। देश में सबसे कम साइबर क्राइम सिक्किम में दर्ज किए गए।

### बच्चे; यौन अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं

2023 में बच्चों के खिलाफ अपराधों की दर 39.9 प्रति एक लाख बाल जनसंख्या रही, जो 2022 में 36.6 थी। इन मामलों में अपहरण (79,884, 45 प्रतिशत) और पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध (67,694, 38.2 प्रतिशत) सबसे प्रमुख रहे।

अधिकतर अपराधी पीड़ित के जानपहचान के लोग थे। कुल 40,434 मामलों में 39,076 मामलों में आरोपी जानकार थे।

3,224 में परिवार के सदस्य, 15,146 में परिवार के जानने वाले और 20,706 में दोस्त आदि थे।

### बच्चों पर अपराध में मध्य प्रदेश पहले नंबर पर

रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में बच्चों पर अपराध के 1.77 लाख केस दर्ज हुए, जो 2022 में 1.62 लाख थे। यानी एक साल में 9.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जो महिलाओं और बुजुर्गों के मुकाबले सबसे ज्यादा है।

वहीं, राज्यों में अकेले मध्य प्रदेश मे 22,393 केस सामने आए हैं। बच्चों के खिलाफ हर दिन औसतन 486 और हर तीन मिनट में एक अपराध दर्ज हुआ।

### दहेज से जुड़े अपराध 14 प्रतिशत बढ़े

दहेज से जुड़े अपराधों में 2023 में 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। 2023 में 15,489 दहेज से जुड़े मामले दर्ज हुए और 6,100 से ज्यादा महिलाओं की मौत हुई।

2022 में 13,479 और 2021 में 13,568 मामले दर्ज हुए थे। दहेज के मामले में उत्तर प्रदेश सबसे ऊपर रहा, जहां 7,151 मामले दर्ज हुए।

इसके बाद बिहार 3,665 और कर्नाटक 2,322 का स्थान रहा। वहीं, 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 2023 में एक भी दहेज का केस दर्ज नहीं हुआ।

वहीं, 6,156 महिलाओं की मौत दहेज विवाद में हुई। अकेले उत्तर प्रदेश में 2,122 और बिहार में 1,143 मौतें दर्ज की गईं।

दहेज निषेध कानून के तहत 2023 में 83,327 मामले ट्रायल के लिए कोर्ट में पेंडिंग रहे, जिनमें से 69,434 पुराने मामले थे। इस कानून के तहत पुलिस ने 27,154 लोगों को गिरफ्तार किया, जिनमें 22,316 पुरुष और 4,838 महिलाएं शामिल थीं।

### महिलाओं के खिलाफ अपराधों में यूपी- महाराष्ट्र आगे

2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध 0.7 प्रतिशत व बुजुर्गों पर 2.7 प्रतिशत बढ़े। महिलाओं के खिलाफ अपराध में 4 लाख 48 हजार 211 केस दर्ज हुए, जिसमें सबसे ज्यादा 'पति या रिश्तेदार द्वारा क्रूरता', 'अपहरण', 'बलात्कार' और 'छेड़छाड़' के मामले थे। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में यूपी, महाराष्ट्र, प. बंगाल, राजस्थान सबसे आगे हैं। वहीं, महिलाओं के अपहरण में 'जबरन शादी' की प्रवृत्ति बड़ी संख्या में सामने आई, खासकर उत्तर और मध्य भारत में।

### दुष्कर्म के 29,670 मामले दर्ज किए गए

2023 में देश में दुष्कर्म के कुल 29,670 मामले दर्ज किए गए। सबसे ज्यादा 5,078 मामले राजस्थान और 3,516 मामले उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गए। दिल्ली में 1,094 मामले सामने आए। वहीं, 2022 में कुल 31,516 मामले दर्ज हुए थे।

### किसानों की आत्महत्या; महाराष्ट्र की सर्वाधिक 38.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है

2023 में खेती से जुड़े 10,700 से ज्यादा लोगों ने आत्महत्या की, जिनमें से 38.5 प्रतिशत महाराष्ट्र और 22.5 प्रतिशत कर्नाटक से थे। कुल आत्महत्याओं (1 लाख 71 हजार 418) में 66.2 प्रतिशत पीड़ितों की वार्षिक आय एक लाख से कम थी। खेती क्षेत्र में 4,690 किसान/खेती करने वाले और 6,096 कृषि मजदूरों ने आत्महत्या की, यह देश में कुल आत्महत्याओं का 6.3 प्रतिशत है। खेती में सबसे अधिक आत्महत्याएं महाराष्ट्र (38.5 प्रतिशत), कर्नाटक (22.5 प्रतिशत), आंध्रप्रदेश (8.6 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (7.2 प्रतिशत) में दर्ज की गईं।

# पिता ने 2 बेटियों और पत्नी संग आग लगाई, गांव के दो लड़कों की भी हत्या की

### बहराइच में घर से मिलीं 6 लाशें

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में एक घर से 6 लाशें मिलीं। किसान ने पहले घर पर गांव के 2 लड़कों की हत्या की। फिर अपनी 2 बेटियों और पत्नी के साथ खुद को कमरे में बंद कर आग लगा दी। घर को आग लगाने से पहले वह मवेशियों को भी अंदर ले आया था। घटना रामगांव इलाके के निंदुरपुरवा गांव में बुधवार सुबह करीब 9 बजे हुई।

आग की लपटें देखकर आसपास के लोग भागते हुए किसान के घर पहुंचे। देखते ही देखते भीड़ जमा हो गई। चीख-पुकार मच गई। पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के अमले ने तुरंत आग पर काबू किया। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज



दिया।

बताया जाता है, विजय 3 लड़कों को लहसुन बुवाई के लिए लेकर आया था। एक लड़के को खेत भेज दिया। उसके बाद 2 लड़के राम नवमी पर पूजा-पाठ करने की बात कहकर जल्दी घर जाने की बात कहने लगे। इसी बात पर उसका झगड़ा हो गया। उसने दोनों लड़कों की हत्या कर दी। फिर खुद के फंसने के डर से पूरे परिवार को कमरे में ले जाकर बंद कर लिया और आग लगा ली। घटना के बाद मौके पर डीआईजी अमित पाठक समेत बहराइच के डीएम अक्षय त्रिपाठी, एसपी राम नयन सिंह पहुंचे। मृतकों में विजय मौर्य (40), उसकी पत्नी धीरज कुमारी (35), बड़ी बेटी प्रियांशी (8) और छोटी बेटी रियांशी उर्फ छुटकी (6) के अलावा गांव के सूरज यादव (14), सनी वर्मा (13) शामिल हैं।

### लड़कों का गला रेता, अंगुलियां काटीं

पुलिस जब मौके पर पहुंची, तो घर से धुआं निकल रहा था। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा और अंदर गई। वहां जमीन पर लड़कों की लाशें पड़ी थीं। दोनों का गला कटा था। हाथ की 3 अंगुलियां भी कटी थीं। गर्दन को किसी धारदार हथियार से रेता गया था। विजय, उसकी पत्नी और दोनों बच्चियों की लाश कमरे की टांड़ पर पड़ी थी। सभी शव जले हुए थे।

# केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 3 परसेंट बढ़ा


**49 लाख कर्मचारी, 68 लाख पेंशनर्स को फायदा; 1 जुलाई से लागू, 3 महीने का एरियर मिलेगा**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र ने दिवाली और दशहरा से पहले केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 परसेंट की बढ़ोतरी कर दी है।

यह इजाफा एक जुलाई से लागू होगा। कर्मचारियों को 3 महीने का एरियर मिलेगा।

यह फैसला बुधवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में लिया गया। अब कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 55



प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो जाएगा।

इसका लाभ 49.2 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 68.7 लाख पेंशनर्स को मिलेगा।

इससे केंद्र सरकार के खजाने पर 10,084 करोड़ रुपए का भार आएगा।

### 6 महीने पहले 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाया था

मार्च महीने में महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी। तब यह 7 साल में सबसे कम इजाफा था। आमतौर पर महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी 3 प्रतिशत से 4 प्रतिशत के बीच होती है, लेकिन उस वक्त बढ़ोतरी सिर्फ 2 प्रतिशत की गई थी।

# चैतन्यानंद के कमरे से सेक्स टॉय, पोर्न सीडी मिली

- नेताओं के साथ फर्जी तस्वीरें भी बरामद; एक दिन पहले अश्लील चैट सामने आई थी

**नई दिल्ली।** छात्राओं के यौन शोषण के आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी जिस कॉलेज में पढ़ाता था। उसमें स्वामी के कमरे से पुलिस को एक सेक्स टॉय और पांच पोर्न सीडी मिली हैं।

दिल्ली पुलिस बुधवार को चैतन्यानंद को लेकर कैंपस में छापेमारी करने गई थी। तलाशी के दौरान पुलिस को अश्लील सामग्री के अलावा प्रधानमंत्री मोदी, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और ब्रिटेन के एक



अन्य नेता के साथ कथित तौर पर स्वामी की जाली तस्वीरें भी मिलीं।

एक दिन पहले पुलिस ने चैतन्यानंद के मोबाइल से कई महिलाओं की चैट बरामद की थी। इसमें पता चला कि वह महिलाओं को आकर्षित करने के लिए उनसे कई वादे करता था।

**सड़क हादसा**

**पिता की 8 दिन पहले जान गई; मुजफ्फरनगर में अर्टिगा की ट्रक से टक्कर**

# यूपी : अस्थियां लेकर जा रहे मां-बेटे समेत 6 लोगो की मौत

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में सड़क हादसे में एक परिवार के 5 लोगों समेत 6 की मौत हो गई। इनमें 3 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल हैं। तेज रफ्तार अर्टिगा कार हाईवे किनारे खड़े ट्रक में घुस गई। कार में 7 लोग सवार थे, जिसमें 5 की मौके पर मौत हो गई। एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। एक की हालत गंभीर है।

दरअसल, हरियाणा के रहने वाले महेंद्र जुनेजा की कैंसर से मौत हो गई थी। उन्हीं की अस्थियों को गंगा में विसर्जित करने के लिए सभी करनाल से हरिद्वार जा रहे थे। हादसे में महेंद्र की पत्नी, एक बेटा, दो बहनें, एक जीजा और ड्राइवर की मौत हो गई।



हादसा बुधवार सुबह 5.30 से 6 बजे के बीच पानीपत-खटीमा हाइवे पर तितावी इलाके में हुआ। हादसा इतना भीषण था कि 14 फीट की अर्टिगा 8 फीट की रह गई। टक्कर के बाद चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से जैसे-तैसे सभी कार सवारों को बाहर निकाला। ज्यादातर की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने एक घायल को अस्पताल भेजा है। उसकी हालत गंभीर है। सभी मृतक करनाल के फरीदपुर के रहने वाले थे।

### घटना का सीसीटीवी सामने आया

हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। फुटेज में ट्रक हाईवे के किनारे खड़ा दिखाई दे रहा है। तभी एक तेज रफ्तार कार पीछे से आकर ट्रक में घुस जाती है। रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि टक्कर के बाद कार का अगला हिस्सा ड्राइवर की सीट तक पिचक गया।

### 2 कारों में सवार थे परिवार के लोग

महेंद्र के भाई राजेंद्र जुनेजा ने बताया कि अर्टिगा कार में महेंद्र की पत्नी मोहिनी (45), बड़ा बेटा पीयूष (22), छोटा बेटा हार्दिक (17), जीजा राजेंद्र कामरा (60), बहन विम्मी (50), छोटी बहन अंजू (46) और ड्राइवर शिवा (24) थे। दूसरी गाड़ी ब्रेजा को ड्राइवर संदीप चला रहा था। इस गाड़ी में महेंद्र का भाई आत्मप्रकाश, सुरेंद्र, बहन मंजू और उसका साला बाबू था।

# संपादकीय

## लद्दाख में पुराने आंदोलन के मुद्दे : सुनवाई की प्रतीक्षा में हिंसा की आग



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### शांत घाटियों में उठता धुआं

लद्दाख की बर्फीली वादियां, जो कभी पर्यटन और शांति की पहचान थीं, अब आंदोलन की आग से सुलग रही हैं। 24–25 सितंबर 2025 की झड़पों ने चार निर्दोष जानें ले लीं, दर्जनों घायल हुए और पूरे क्षेत्र में कर्फ़्यू थोप दिया गया। भाजपा कार्यालय और सीआरपीएफ वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। यह हिंसा अचानक नहीं, बल्कि वर्षों से अनसुनी पड़ी मांगों का विस्फोट है।

### आंदोलन की जड़ें

2019 में अनुच्छेद 370 हटाकर लद्दाख को केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया। तभी से लेह एपेक्स बॉडी (LAB) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (KDA) आंदोलनरत हैं।

### मुख्य मांगें :

- लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा
- छठी अनुसूची के तहत संवैधानिक संरक्षण
- भूमि व नौकरियों में स्थानीय आरक्षण
- हिमालयी पारिस्थितिकी की रक्षा
- चीनी सीमा पर राष्ट्रीय सुरक्षा में स्थानीयों की भागीदारी

2020 में सोनम वांगचुक का अनशन आंदोलन का राष्ट्रीय चेहरा बना। 2023–24 में शांतिपूर्ण मार्च हुए, मगर 2025 में यह असंतोष हिंसा में बदल गया।

### वांगचुक और जनता की पुकार

10 सितंबर 2025 से सोनम वांगचुक ने 35 दिन के अनशन का ऐलान किया। वे चाहते थे कि लद्दाख को 'अरब स्प्रिंग' की तरह अहिंसक स्वायत्तता आंदोलन से समाधान मिले। मगर 24 सितंबर को युवाओं के जुलूस पर पुलिस कार्रवाई ने हालात बिगाड़ दिए—चार मौतें, 80 घायल और वांगचुक पर एनएसए।

### अदालत की चेतावनिया

- **सुप्रीम कोर्ट (2023, लद्दाख मामले की सुनवाई) :** अदालत ने कहा था कि 'सीमावर्ती क्षेत्रों की विशेष पहचान और वहाँ की जनसंख्या की संवेदनशीलता को नज़रअंदाज़ करना राष्ट्रीय सुरक्षा और लोकतांत्रिक विश्वास दोनों के लिए खतरनाक होगा।'
- **जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट (2024):** हाईकोर्ट ने टिप्पणी की थी कि 'स्थानीय निवासियों की भूमि और रोजगार पर प्राथमिकता सुनिश्चित करना केवल संवैधानिक दायित्व नहीं, बल्कि वहाँ की सामाजिक शांति का आधार है।'

फिर भी केंद्र सरकार ने ठोस कदम नहीं उठाए। यही असंतोष अब सड़क पर विस्फोट की तरह फूट रहा है।

### संवैधानिक पृष्ठभूमि

***लद्दाख की मांगें संविधान में पहले से ही आधार रखती हैं—***

- **अनुच्छेद 244 :** अनुसूचित क्षेत्रों और जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन से जुड़ा है।
- **छठी अनुसूची :** मेघालय, मिज़ोरम, त्रिपुरा और असम के आदिवासी क्षेत्रों को स्वायत्तता देती है।
- **अनुच्छेद 21 :** जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार।
- **अनुच्छेद 29–30 :** सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार।
- **अनुच्छेद 371 :** सीमावर्ती राज्यों को विशेष प्रावधान।

### सरकारी समितियाँ और अनदेखी

***2019 से अब तक केंद्र ने कई समितियाँ गठित कीं—***

1. 2019 : 'हाई पावर्ड कमेटी' (गृह मंत्रालय)
- **उद्देश्य :** लद्दाख के प्रशासनिक ढांचे की समीक्षा।
- **सिफ़ारिश :** भूमि संरक्षण कानून और स्थानीय भर्ती नीति।
- **स्थिति :** लागू नहीं।

2. 2021 : संसदीय स्थायी समिति (आंतरिक मामलों पर रिपोर्ट)
- चेतावनी दी कि लद्दाख में छठी अनुसूची लागू न करने से सांस्कृतिक असुरक्षा और राजनीतिक असंतोष बढ़ेगा।
- **स्थिति :** रिपोर्ट संसद पटल पर रखी गई, लेकिन कार्रवाई शून्य।

3. 2022 : एन्वायरनमेंट एक्सपर्ट पैनल
- **सिफ़ारिश :** ज़ोजिला सुरंग और खनन परियोजनाओं के लिए कड़े पर्यावरणीय सुरक्षा मानक।
- **स्थिति :** अनदेखी, निर्माण जारी।

4. 2024 : विशेष वार्ता समिति (LAB और KDA के साथ बातचीत हेतु)
- समिति ने सुझाव दिया कि 'छठी अनुसूची जैसे संवैधानिक प्रावधान या अनुच्छेद 371 के अंतर्गत विशेष दर्जा दिया जाए।'
- **स्थिति :** गृह मंत्रालय ने रिपोर्ट प्राप्त की, लेकिन अब तक लागू नहीं।

**निष्कर्ष :** सरकार ने खुद ही समितियाँ बनाई, उनकी रिपोर्टें सामने आईं, पर कोई अमल नहीं हुआ। इससे स्थानीयों का भरोसा टूटा और हिंसा का रास्ता खुला।

### हिंसा का असर

- कर्फ़्यू ने लेह की अर्थव्यवस्था ठप कर दी है।
- पर्यटन उद्योग को गहरी चोट लगी है।
- जेन-ज़ेड युवा निराश हैं, उनका भविष्य अनिश्चित है।
- अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मानवाधिकार संगठनों ने पुलिस कार्रवाई की आलोचना की है।

### समाधान कहाँ?

लद्दाख का आंदोलन महज क्षेत्रीय असंतोष नहीं, बल्कि भारत की संघीय एकता की कसौटी है।

### सरकार को चाहिए


1. तुरंत वार्ता शुरू करे।
2. छठी अनुसूची का विस्तार लागू करे।
3. राज्य का दर्जा बहाल करे।
4. वांगचुक और अन्य नेताओं को रिहा करे।

### निष्कर्ष

लद्दाख के पहाड़ हमें यह चेतावनी दे रहे हैं—
'जब संवाद मरता है, तो हिंसा जन्म लेती है।'
संविधान की धाराएँ, सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियाँ और सरकारी समितियों की रिपोर्टें — सबने रास्ता दिखाया है। अब समय है कि दिल्ली सुने, वरना इतिहास दोहराएगा।

# गांधी और गांधी विचार को कुचलने की कुचेष्टाएं कब तक?

- ललित गर्ग -




लंदन के प्रसिद्ध टैविस्टॉक स्क्वायर में महात्मा गांधी की 57 साल पुरानी कांस्य की प्रतिमा पर हुआ हमला केवल एक मूर्ति को क्षतिग्रस्त करने की घटना भर नहीं है, बल्कि यह गांधी के अस्तित्व, उनके विचार और भारत की आत्मा पर आघात है। गांधी प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ करते हुए काले रंग से लिखा है, 'गांधी- मोदी, हिंदुस्तानी टेररिस्ट...।' वहां एक तिरंगे का भी अपमान किया गया है और उसपर भी 'टेररिस्ट' लिखा हुआ है। जिस समय यह हमला हुआ, वह भी बेहद प्रतीकात्मक है, अंतरराष्ट्रीय गांधी जयंती यानी अहिंसा दिवस से महज तीन दिन पहले। यह समय का ऐसा चयन है जो यह दर्शाता है कि अहिंसा के विचार और गांधी के व्यक्तित्व को मिटाने की एक सुनियोजित विकृत मानसिकता एवं साजिश है। गांधी की प्रतिमा महज धातु का ढांचा नहीं, बल्कि उन मूल्यों का जीवंत प्रतीक है जिन्होंने न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया को नई दृष्टि दी, नई दिशा दी एवं शांतिपूर्ण अहिंसक जीवनशैली दी है। इस पर आघात करना इस बात का प्रमाण है कि हिंसा की प्रवृत्तियां, आतंक की मानसिकता एवं नफरत-द्वेष की विध्वंक शक्तियां अब भी गांधी के विचारों से डरती हैं और उसे क्षत-विक्षत एवं ध्वस्त करने के षडयंत्र रचती रहती है, पर महात्मा गांधी भारत के अकेले ऐसे महापुरुष हैं जिन्हें कोई गोली या गाली नहीं मार सकती। गांधी की राजनीति व धर्म का आधार सत्ता नहीं, सेवा था, वसुधैव कुटुम्बकम् था। जनता को भयमुक्त व वास्तविक आजादी दिलाना उनका लक्ष्य था। वे सम्पूर्ण मानवता की अमर धरोहर हैं। उन्होंने दुनिया को अहिंसा का सूत्र देकर शांतिपूर्ण विश्व-संरचना की। दलितों के उद्धार और उनकी प्रतिष्ठा के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन लगा दिया था। उनके जीवन की विशेषता कथनी और करनी में अंतर नहीं होना था।

महात्मा गांधी की प्रतिमा पर अज्ञात लोगों ने जो हमला किया और आपत्तिजनक नारे लिखे। भारतीय उच्चायोग ने इसे अहिंसा की विरासत पर हमला बताया। मेट्रोपॉलिटन पुलिस जांच में जुटी है। ब्रिटेन की उच्चायुक्त लिंडी कैमरन ने घटना को दुखद बताते हुए कहा कि गांधी की शिक्षाएं हमें सदा एकजुट करती रहेंगी। गांधी के व्यक्तित्व एवं विचारों को आहत करने की यह घटना केवल ब्रिटेन के अस्तित्व एवं अस्मिता तक सीमित नहीं रहती, बल्कि भारत की गरिमा और उसकी सांस्कृतिक उपस्थिति को भी चुनौती देती है। जब किसी राष्ट्र के सार्वभौमिक प्रतीक पर हमला होता है, तो वह उस राष्ट्र के स्वाभिमान और उसके विचारों पर हमला माना जाता है। गांधी केवल भारत के नायक नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के नैतिक मार्गदर्शक हैं। उनका स्मारक क्षतिग्रस्त करना मानवता की उस चेतना को धूमिल करने का प्रयास है जो संवाद, सहिष्णुता, अहिंसा और शांति पर आधारित है। ऐसे समय में जब दुनिया युद्ध, आतंक और कट्टरता से त्रस्त है, गांधी का विचार और भी प्रासंगिक हो जाता है। ऐसे विचार को कुचलने की चेष्टा न केवल भारत के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर चुनौती है। समीक्षात्मक दृष्टि से देखा जाए तो यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर क्यों अहिंसा जैसे सार्वभौमिक मूल्य आज के दौर में असहनीय प्रतीत होते हैं? क्यों कुछ समूह इतिहास को मिटाने और संवाद की जगह हिंसा को स्थापित करने पर आमादा हैं? यह केवल अतीत की स्मृति पर हमला नहीं है, बल्कि भविष्य की दिशा पर भी सवाल खड़ा करता है। मूर्तियां टूटीं तो उन्हें ठीक किया जा सकता है, लेकिन यदि विचारों को खंडित करने का यह सिलसिला जारी रहा तो यह मानवता की आत्मा के लिए घातक सिद्ध होगा।


समय-समय पर शरारती एवं असामाजिक तत्व देश एवं दुनिया में भारत की महान् विभूतियों- गांधी-मोदी के दर्शन व उनकी कार्य-पद्धतियों पर कीचड़ उछालते रहे हैं और उन्हें गालियां देकर गौरवान्वित होते रहे हैं। ताजा गांधी प्रतिमा को तोड़ने की घटना किसी साधारण शरारत या स्थानीय असंतोष का परिणाम नहीं है, बल्कि यह उस गहरी हिंसक, आतंकी और विकृत मानसिकता का प्रतीक है, जो दुनिया में अहिंसा की आवाज़ को दबाना चाहती है। यह घटना केवल एक प्रतिमा को खंडित करने की नहीं, बल्कि महात्मा गांधी के विचारों पर आहत करने की साजिश है। गांधी महज एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक दर्शन हैं। उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांत विश्व राजनीति, समाज और मानवता के लिए अब भी सबसे बड़ी प्रेरणा बने हुए हैं। इसीलिए हिंसक मानसिकताएं बार-बार इन मूल्यों को मूक बनाने या कुचलने का प्रयास करती हैं। गांधी प्रतिमा पर हमला वस्तुत: उसी मानसिकता की पुनरावृत्ति है, जिसने उनकी हत्या की थी। आज यह मानसिकता कभी धार्मिक उग्रवाद, कभी नस्लीय भेदभाव, कभी आतंकवाद और कभी आर्थिक साम्राज्यवाद का रूप धारण करके सामने आती है। यह घटना भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए गंभीर चेतावनी है कि यदि अहिंसा और सहअस्तित्व की आवाज़ को चुप करा दिया गया, तो मानव सभ्यता हिंसा, आतंक और विनाश के अंधकार में जा सकती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते वर्षों में जिस तरह शांति, वैश्विक सहयोग और अहिंसक संवाद की परंपरा को विश्व मंच पर प्रतिष्ठित करने का प्रयास किया है, वह गांधी दर्शन की ही आधुनिक अभिव्यक्ति है। अंतरराष्ट्रीय संघर्षों, जलवायु संकटों, आतंकवादी क्रूरताओं और युद्ध की विभीषिकाओं से जूझती दुनिया में भारत की यह भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। ऐसे में गांधी प्रतिमा पर हमला, दरअसल इस शांति अभियान को ठेस पहुँचाने का संगठित प्रयास है। यह केवल भारत को नहीं, बल्कि उन सभी देशों और समुदायों को चुनौती है, जो अहिंसा को सभ्यता का मूल मंत्र मानते हैं। आज यह जरूरी है कि हम इस हिंसक और आतंकवादी मानसिकता को करारा जवाब दें। यह जवाब केवल प्रतिवाद या आक्रोश से नहीं, बल्कि गांधी के विचारों को और अधिक दृढ़ता से जीकर और फैलाकर देना होगा। जब-जब गांधी प्रतिमा पर चोट की गई है, तब-तब गांधी और बड़े होकर खड़े हुए हैं। कभी-कभी प्रशंसा नहीं ऐसी गालियां गांधी को ज्यादा पूजनीय बनाती रही हैं। जिस प्रकार गांधी ने कहा था-आप मुझे मार सकते हैं, मेरे शरीर को नष्ट कर सकते हैं, पर मेरे विचारों को समाप्त नहीं कर सकते- यह सत्य आज भी उतना ही प्रासंगिक है। दरअसल, अहिंसा को कुचलने की हर कोशिश अहिंसा को और अधिक शक्तिशाली बना देती है। यह हमला गांधी की अमरता का प्रमाण है। हमें इस अवसर को केवल निंदा तक सीमित न रखकर, गांधी के सत्य, प्रेम और सहिष्णुता के संदेश को और व्यापक स्तर पर प्रसारित करना चाहिए। तभी आतंकवादी मानसिकता को वास्तविक और स्थायी जवाब मिलेगा।

गांधी को कितने सालों से कटघरे में खड़ा किया जाता रहा है। जीते जी और मरने के बाद गांधी ने कम गालियां नहीं खाईं। गोडसे ने गोली से उनके शरीर को मारा पर आज तो उनके विचारों को बार-बार मारा जा रहा है। महात्मा के शिष्यों ने, बापू के बेटों ने, संत के अनुयायियों ने और गांधी की पार्टी वालों ने उनको बार-बार बेचा है, उनसे कमाया है, उनके नाम से वोट मांगे हैं, सत्ता प्राप्त की है, सुबह-शाम धोखा दिया है और उनकी चादर से अपने दाग छिपाये हैं। लेकिन बहुत हो गया, अब यह आवश्यक है कि इस घटना का विरोध केवल भावनात्मक या औपचारिक स्तर पर न होकर ठोस, नैतिक और प्रभावी स्वरूप में हो। आज गांधी को खोजने की जरूरत मूर्तियों में नहीं, बल्कि अपने जीवन और आचरण में है। यही इस घटना से निकला सबसे बड़ा संदेश है कि अहिंसा की रक्षा केवल स्मारकों से नहीं बल्कि व्यवहार से होगी। गांधी की प्रतिमा का क्षरण क्षणिक है, किंतु उनके विचारों की हत्या यदि हम होने देंगे तो यह सम्पूर्ण मानवता की हार होगी। लंदन में गांधीजी की इस प्रतिमा का अनावरण 1968 में इंडिया लीग के सहयोग से हुआ था। यूके में गांधी जयंती के मौके पर यह जगह लंबे समय से मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा है। हर साल 2 अक्टूबर को यहां फूलों से श्रद्धांजलि दी जाती है और गांधीजी के प्रिय भजन बजते हैं। इस दिन को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है, जिसे संयुक्त राष्ट्र ने मान्यता दे रखी है। इसके चबूतरे पर लिखा है- 'महात्मा गांधी, 1869-1948'। उनका लंदन से ऐतिहासिक संबंध रहा है, जहां उन्होंने यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन में कानून की पढ़ाई की थी।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3668




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:




### काकुरो - 3667 का हल



## हंसी के फूव्वारें

दो दोस्त आपस में बातें कर रहे थे.

एक ने कहा-'जब मैं जंगल से होकर जा रहा था, एकाएक मुझे डाकुओं ने घेर लिया. उन्होंने मेरा सब रुपया-पैसा छीन लिया.'

'मगर तुम्हारे पास तो रिवाल्वर थी?' दोस्त ने चकित होते हुए पूछा.

'था तो!'

'फिर ?'

'उस पर डाकुओं की नजर नहीं पड़ी.' दोस्त ने भोलेपन से कहा.

□ □ □

दो अफीमची बातें कर रहे थे.

एक बोला-'मेरे पिता का मकान इतना ऊंचा था कि एक बार एक बच्चा छत पर से गिरा तो जमीन तक आते-आते वह आदमी बन गया.'

दूसरा अफीमची उससे भी दो कदम आगे था. वह बोला-'मगर मेरे पिता का मकान तुम्हारे पिता के मकान से भी ऊंचा था. उसकी छत से एक बार एक बन्दर गिरा तो नीचे आते-आते वह आदमी बन गया.'

□ □ □

मालिक-'सारे मजदूर दो-दो बोरियाँ उठा कर ला रहें हैं, पर तुम एक-एक बोरी ही क्यों ला रहे हो ?'

मजदूर-'साहब वो सब आलसी हैं इसलिए दूसरा चक्कर लगाने से डरते हैं.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3668



### बायें से दायें:-

१. मनोज वाजपेयी, अरशद, तब्बू, की 'बाब मेरी ये' गीत वाली फिल्म-२
२. 'जीवन से भरी' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
४. सुनील शेट्टी, शिल्पा शेट्टी की 'हैलो हैलो बोलके' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ऐसा मिलन कल हो ना' गीत वाली सैफअली, काजोल की फिल्म-३
८. कुमार गौरव, विजयेता की 'याद आ रही है' गीत वाली फिल्म-२,२
१०. 'आँखें' ती नायिका कौन थी-२
१२. 'दिल में छुपाके प्यार' गीत वाली दिलीपकुमार, निम्मी की फिल्म-२
१३. दिलीपकुमार, मीना की 'राधा ना बोले ना' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'किसी से तुम' गीत वाली लारा दत्ता, प्रियंका, अक्षय की फिल्म-३
१६. राजकपूर, राजेंद्र, वैजयंती की 'मैं क्या करूंराम' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'छूकर मेरे मन को' गीत वाली अमिताभ, अमजद, नीतू की फिल्म-३
२०. फिल्म 'कहानी किस्मत की' में धमेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
२२. नसीर, आमिर, सौनाली, उपासना की 'जो हाल दिल' गीत वाली फिल्म-५
२४. 'दिल में जागी धड़कन' गीत वाली लक्की अली, गौरी की फिल्म-२
२५. अशोककुमार के गाये बालगीत 'रेलगाड़ी रेलगाड़ी' वाली फिल्म-४
२७. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
२८. संजयदत्त, मनीषा की 'कसम से कसम से' गीत वाली फिल्म-३
२९. अजय, अभिषेक, रानी, एशा की 'कभी नीम नीम' गीत वाली फिल्म-२

### ऊपर से नीचे:-

१. सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
२. संजयदत्त, जूही चावला की 'आलारे पाउस अला' गीत वाली फिल्म-३
३. आशुतोष गोवारीकर की बहुचर्चित फिल्म 'लगान' के संगीतकार कौन है-४
४. जीतेंद्र, रीना रामेश्वरी की फिल्म-२
५. संजय खान, मुमताज की 'ऐ हसीनों नाजनीनों' गीत वाली फिल्म-२
७. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, ट्विंकल की फिल्म-२
९. फिल्म 'मन की आँखें' की नायिका थी-३
११. शाहरूख, माधुरी की 'बड़ी मुश्किल है' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'गोरिया रे गोरिया रे' गीत वाली जैकी, जूही, अमृता की फिल्म-३
१३. राजकपूर, नर्गिस की 'काहे कोयल शोर मचाये' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'तन्हा तन्हा दिल धड़के' गीत वाली अक्षय कुमार, सोनाली की फिल्म-३
१५. 'अभिमान' में अमिताभ की नायिका-२
१६. राज बब्बर, रेखा की 'राधारानी ना जइयो' गीत वाली फिल्म-३
१८. राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
१९. 'बेचारा दिल क्या करे' गीतवाली फिल्म-३
२१. धर्मेन्द्र, राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
२२. 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
२३. अमिताभ, संजीव, शर्मिला की फिल्म-३
२५. 'मैं तो हुँ पागल मुंडा' गीत वाली फिल्म-२
२६. संजयदत्त, सलमान, रवीना की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3667



## सूडोकु -3668

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3667 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |

## शब्द पहेली - 3668



### बाएँ से दाएँ

1. महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4. आज्ञापत्र, पतंगा-4
7. शरीर, बदन-2
8. होशियार, हुनरमंद-3
9. नस, नाड़ी-2
10. तीर रखने का पात्र-4
11. गधा, गर्दभ-2
13. जो बंदी हो-3
14. पत्नी, भार्या-2
15. दृष्टि, निगाह-3
17. खैरात, दक्षिणा-2
19. अपने ही घर में कैद होना-5
22. भाग्यवाला-5
25. जी, इच्छा-2
26. तन, काया-3
28. दुनिया, संसार-2
29. वेतन-3
30. भीगा हुआ-2
32. सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34. परिणाम, हल, फ्रूट-2
36. सचेग-3
37. राजकपूर, नरगिस की फिल्म-2
38. चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39. निरस्त करना-2,3

### ऊपर से नीचे

1. आमिर, मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2. रवि, सूर्य-3
3. तमाशा देखनेवाले-5
4. परीक्षण, जांच-3
5. सप्ताह का दिन-2
6. जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7. गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10. भाग्य, किस्मत-4
12. क्रिकेट में बनते हैं-2
16. नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17. खुजली-2
18. रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20. आवश्यक-3
21. कैदी, बंधक-2
22. इसाई साध्वी-2
23. बालकपन-4
24. असावधान-5
25. महासमुद्र-5
26. सज्जनता, भद्रता-4
27. अभिषेक की फिल्म-2
31. मुद्दा (उर्दू-3)
33. वाचन करनेवाला-3
35. उद्देश्य-2
37. आगमन, आने का भाव-2

### शब्द पहेली -3667 का हल



# अत्याधुनिक तकनीक और उत्कृष्ट समन्वय का केंद्र बना व्यावसायिक शिक्षा विभाग का स्टॉल

**यूपी इंटरनेशनल ट्रेड फेयर-2025 में बटोरी सराहना**



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में 24 से 29 सितंबर तक आयोजित तृतीय उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड फेयर-2025 में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग तथा टाटा टेक्नोलॉजी द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित वृहद् स्टॉल आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस स्टॉल में सीएनएसी मशीनिंग, रोबोटिक्स, ड्रोन, 3डी मोल्डिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों एवं उनके अभिनव उत्पादों का प्रभावी प्रदर्शन किया गया, जिसने आगंतुकों को भविष्य की तकनीकी दिशा की झलक दी।

सैकड़ों स्टालों के बीच विभागीय स्टॉल ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर अपनी सार्थकता और गुणवत्ता को प्रमाणित किया। प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ छात्रों, युवाओं एवं आगंतुकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने इस पहल को और भी विशेष बना दिया।

माननीय विभागीय मंत्री कपिल देव अग्रवाल जी, प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम (आईएएस), निदेशक अभिषेक सिंह, निदेशक कौशल विकास मिशन पुलकित खरे (आईएएस), अतिरिक्त मिशन निदेशक प्रिया सिंह, अतिरिक्त निदेशक मानपाल सिंह एवं राजेन्द्र प्रसाद, संयुक्त निदेशक मयंक गंगवार, सहायक निदेशक एम.के. सिंह, तथा टी.टी.एल. ग्रुप के ग्लोबल हेड सुशील कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने स्टॉल का निरीक्षण किया और उसकी सराहना की। उनका यह प्रोत्साहन आयोजन की उच्च गुणवत्ता एवं विभागीय उत्कृष्टता का प्रमाण है।

इस सफल आयोजन के क्रियान्वयन में संयुक्त निदेशक मेरठ मंडल मनोज सिंह के कुशल निर्देशन एवं लखनऊ से भेजी गई विभागीय टीम के सदस्यों के अतिरिक्त निदेशक राजेन्द्र प्रसाद, उप निदेशक राजपाल, सहायक निदेशक शिवम सेन, अनुदेशक अंकित वर्मा, रजनीकांत (टी.टी.एल. समूह) एवं वरूण गुप्ता (टी.टी.एल. समूह) का रचनात्मक सहयोग अत्यंत उल्लेखनीय रहा। साथ ही, राजकीय आईटीआई नोएडा के प्रधानाचार्य यज्ञदेव सिंह के कुशल नेतृत्व, राजकीय आईटीआई बादलपुर के प्रधानाचार्य गौरव कुमार, राजकीय आईटीआई दादरी के प्रधानाचार्य शिवांशु तथा राजकीय आईटीआई जेवर के प्रधानाचार्य राजकुमार सहित समस्त स्टाफ के समर्पित योगदान ने इस पहल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यह सामूहिक प्रयास विभाग की कार्यकुशलता, उत्कृष्ट समन्वय एवं टीम भावना का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करता है, जिसने व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की सशक्त छवि को और भी सुदृढ़ किया है।

# फ्लैट में लगी आग, 15 साल का बेटा फंसा

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में एक फ्लैट में भीषण आग लग गई। आग में 15 साल का लड़का फंस गया। पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़कर उसे सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं, घर में रखा कॉस्मेटिक का सामान जलकर राख हो गया।

आग बुधवार सुबह बजे बिल्डिंग के पांचवें फ्लोर पर लगी। घर में बेटा अकेला था। उसके मम्मी-पापा दुकान पर गए थे। शुरुआती जांच में एसी में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगनी बताई जा रही है। बिसरख थाना क्षेत्र स्थित वृंदावन गार्डन सोसाइटी की है।

## घर में कॉस्मेटिक सामान रखा था

वृंदावन गार्डन सोसाइटी की में हरीश कालरा का अपना मकान है। वह बिल्डिंग के पांचवें फ्लोर पर रहते हैं। हरीश कालरा ने बताया कि घर से 3-4 किलोमीटर दूर मेरी कॉस्मेटिक की दुकान है। बुधवार को पूजा करने के बाद करीब 10 बजे मैं और मेरी पत्नी दुकान पर चले गए। 11 बजे सूचना मिली कि घर में आग लग गई है। हम लोग वहां से आए तो देखा घर से आग लपटें और धुआं निकल रहा था। मेरे बेटे को पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़कर बाहर निकाल लिया था। घर में कॉस्मेटिक का सामान रखा था। उसी वजह से आग ज्यादा से ज्यादा फैलती चली गई।

## आग की लपटें देख पहुंचे पड़ोसी

पड़ोसियों ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे फ्लैट से धुआं और लपटें उठती दिखाई दीं। धुआं देखकर हम लोगों ने शोर मचाया। मौके पर जाकर घर का दरवाजा खटखटाया। लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया। काफी देर तक दरवाजा पीटते रहे।

इसके बाद हम लोगों ने दरवाजा तोड़ दिया। पूरे मकान में धुआं भरा था। आग की लपटें उठ रही थी। उसमें फंसे बच्चे को किसी तरह बाहर निकाला। घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई।

# रिटायर्ड कर्नल के बेटे से 12 लाख की ठगी

**नोएडा।** शेयर बाजार में निवेश कर भारी मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर अपराधियों ने सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल के बेटे के साथ 12 लाख रुपए की ठगी कर ली। जब पीड़ित पर और रकम ट्रांसफर करने का दबाव बनाया जाने लगा, तब उसे ठगी की जानकारी हुई।

पीड़ित की शिकायत पर इस मामले में साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने एक तथाकथित महिला समेत तीन के खिलाफ नामजद केस आईटी ऐक्ट और धोखाधड़ी की धारा में दर्ज किया है। सेक्टर-107 में रहने वाले रजनीश शर्मा एक निजी कंपनी में काम करते हैं। उनको शेयर बाजार और निवेश की भी अच्छी समझ है। इसी साल छह जुलाई को उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर बाजार और उसमें निवेश कर मुनाफा कमाने संबंधी विज्ञापन देखा। लिंक पर क्लिक कर रजनीश ने नाम, पता और मोबाइल नंबर समेत अन्य जानकारी भर दी। अगले ही दिन एक महिला ने खुद को तनुश्री जायसवाल बताकर रजनीश से संपर्क किया। उसने खुद को कथित स्पाइस सिक्योरिटीज के मुख्य विश्लेषक रमन की सहायक होने का दावा किया।

## पहले हुआ मुनाफा

उसने अपनी एस पैसा कैपिटल लिमिटेड को सेबी से विनियमित बताया। इस संबंध में उसने ट्रेडिंग गाइड बुक साझा की। उसने कंपनी के लेखा विभाग के संदीप से संपर्क कराकर एस पैसा प्रीमियम सिक्योरिटीज नाम की ऐप पर रजनीश का पंजीकरण कराया। प्रारंभिक चरण में रजनीश ने कुछ रकम निवेश की, इसपर उसे मुनाफा हुआ। ठगों ने मुनाफे समेत पूरी रकम निकालने की अनुमति भी दी। ऐसे में रजनीश को यकीन हो गया कि उनके रुपए सही जगह पर निवेश कराए जा रहे हैं।

# न्यू नोएडा के लिए तय होगी मुआवजा दर

**डीएम के साथ प्राधिकरण करेगा बैठक, 209 वर्ग किमी में बसना है नया शहर**



**नोएडा।** न्यू नोएडा के लिए 80 गांवों को अधिसूचित किया जा चुका है। यहां निर्माण के लिए प्राधिकरण से अनुमति लेनी होगी इसका नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। अब जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया की जाएगी। सवाल ये है कि यहां किसानों को किस दर से मुआवजा दिया जाए। इसके लिए डीएम के साथ नोएडा प्राधिकरण की एक बैठक होगी। इस बैठक में मुआवजा दर तय की जाएगी। बता दे यहां जमीन किसानों से आपसी सहमति के आधार पर ली जाएगी। इसके लिए प्राधिकरण एक सलाहकार कंपनी का चयन भी कर चुका है।

प्राधिकरण ने बताया कि न्यू नोएडा में जमीन अधिग्रहण के लिए क्राइटेरिया तय होना बेहद जरुरी है। इसी के लिए डीएम के साथ बैठक होगी। मसलन इन गांवों की जेवर एयरपोर्ट से कितनी दूरी है। यहां जमीन की उपयोगिता क्या है। इसके अलावा कई ऐसे गांव है जो ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र के नजदीक है। बुलंदशहर के गांवों का सर्किल रेट क्या है। इन सभी को मिलाकर एक निर्णय लिया जाएगा। इन बातों का ध्यान रखकर और हाल ही में नए शहर को बसाने में किसान हितों का ध्यान रखते हुए ही मुआवजा की दर तय की जाएगी।

## गांवों के प्रधानों से की जा रही बातचीत

न्यू नोएडा करीब 209 वर्ग किमी का बसाया जाना है। इसके लिए ईस्टर्न पेरिफेरल्स एक्सप्रेस के साथ जहां जीटी रोड अलग होती है। सबसे पहले वहां से लगे गांव की जमीन का अधिग्रहण शुरू किया जाए। इस गांव में जोखा बाद, सांवली भी आता है। इन गांवों के प्रधान से बातचीत की गई। यहां आपसी समझौते के आधार पर जमीन किसानों से खरीदी जाएगी। इसके अलावा जोखा बाद और ग्राम सांवली में ही डीएनजीआईआर (न्यू नोएडा) का अस्थाई कार्यालय बनाया जाएगा।

## पहले फेज में 15 गांव शामिल

सबसे पहले 15 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। जबकि न्यू नोएडा को 80 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। प्रत्येक गांव में करीब 200 किसान परिवार है। यानी कुल 16 हजार किसान परिवार है। जिनके साथ बैठक की जाएगी। पहले फेज में 3165 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। ऐसे में किसानों के साथ भी आज पहली बैठक की गई।

## इन चार फेज में बसेगा शहर

न्यू नोएडा 209.11 वर्गकिमी में यानी 20 हजार 911.29 हेक्टेयर में बसाया जाएगा।

इस मास्टर प्लान को चार फेज में पूरा किया जाएगा। 2023-27 तक इसके 3165 हेक्टेयर को विकसित किया जाएगा। इसी तरह 2027 से 2032 तक 3798 हेक्टेयर एरिया को विकसित किया जाएगा।

इसके बाद 2032-37 तक 5908 हेक्टेयर और अंत में 2037-41 तक 8230 हेक्टेयर जमीन को विकसित करने का प्लान है।

# करप्शन फ्री इंडिया ने सेक्टर कार्यकारिणी का गठन किया

**ठाकुर सुरेंद्र तोमर ओमीक्रॉन थर्ड के अध्यक्ष नियुक्त, भ्रष्टाचार पर जागरूकता**



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ओमीक्रॉन थर्ड में करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने बुधवार शाम एक बैठक का आयोजन किया।

ओंकार सिंह कपासिया के आवास पर हुई इस बैठक में बढ़ते भ्रष्टाचार को रोकने के लिए संगठन का विस्तार करते हुए सेक्टर कार्यकारिणी का गठन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिला सचिव रिंकू बैंसला ने की।संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया कि गौतम बुद्ध नगर के विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहा है, जिससे जनता परेशान है।

भ्रष्टाचार को समाप्त करने के उद्देश्य से हुई इस बैठक में ठाकुर सुरेंद्र सिंह तोमर को सेक्टर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त, राघव दुबे को सचिव, मूलचंद शर्मा को सह सचिव, उमेश शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अजय कुमार सिंह को उपाध्यक्ष और रविंद्र भाटी को सक्रिय सदस्य बनाया गया।

चाहत राम को गौतम बुद्ध नगर का जिला संरक्षक नियुक्त किया गया है।चौधरी प्रवीण भारतीय ने घोषणा की कि संगठन को गौतम बुद्ध नगर के प्रत्येक गांव और शहर में मजबूत किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।संगठन के जिला कोषाध्यक्ष हरीश भाटी ने शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में बढ़ते भ्रष्टाचार पर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि स्थानीय किसान और ग्रामीण गरीब अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य लाभ नहीं दिला पा रहे हैं। भाटी ने सरकार से इस ओर ध्यान देने का आग्रह किया और चेतावनी दी कि यदि आवश्यक हुआ तो संगठन आंदोलन करेगा।

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाने का संकल्प लिया।

## कल से नोएडा को नहीं मिलेगा गंगाजल

**नोएडा।** गंगनहर की सालाना सफाई को लेकर दशहरा से दीपावली तक मेरठ, गाजियाबाद, दिल्ली और नोएडा को गंगाजल की आपूर्ति बंद रहेगी। ऐसे में शहर में पेयजल संकट बढ़ सकता है। गंगनहर के एक्सईएन विकास त्यागी का कहना है कि हरिद्वार से ही गंगनहर में दो अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक गंगाजल की सप्लाई नहीं होगी। संबंधित विभागों को सूचना जारी की जा रही है। हर साल दशहरा से दीपावली के बीच गंगनहर की सफाई को लेकर वार्षिक बंदी की जाती है। नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक आरपी सिंह का कहना है कि 10 रैनीवेल और करीब 300 ट्यूबवेल के जरिए पानी की सप्लाई की जाएगी। लोगों को पानी की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। नोएडा में 406 एमएलडी पानी की सप्लाई की जाती है। इसमें 240 एमएलडी गंगाजल की सप्लाई और बाकी रेनी वेल और बोरवेल से सप्लाई किया जाता है। गंगाजल की सप्लाई की बंद होने से अतिरिक्त जल की सप्लाई रैनीवेल और ट्यूबवेल से की जाएगी। प्राधिकरण का दावा है कि सप्लाई में कोई दिक्कत नहीं होगी। वहीं हाइराइज इमारतों में प्रेशर की दिक्कत हर साल होती है। सबसे ज्यादा दिक्कत हाइराइज के अलावा सेक्टर-12, 20 पुराने सेक्टर में होती है। यहां सप्लाई कम होती है तो प्राधिकरण यहां टैंकरों से पानी की सप्लाई करवाएगा।

▸ दीपावली तक गंगनहर की सफाई होगी, आपूर्ति के लिए रैनीवेल और बोरवेल का पानी यूज होगा

# डायल 112 में नोएडा का मिला दूसरा स्थान

**पीड़ित तक पहुंचने में लगा 3:24 मिनट का समय, रोजाना मिलती 900 शिकायत**




**नोएडा।** यूपी 112 रिस्पांस टाइम में कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर का दबदबा कायम है। बुधवार को जारी सितंबर माह की सूची में कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर ने उत्तर प्रदेश में दूसरी रैंक हासिल की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, जिले में पीड़ितों तक त्वरित सहायता पहुंचाने में महज तीन मिनट 24 सेकेंड का समय लगा।

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्ध नगर के निर्देशन व डीसीपी यातायात के पर्यवेक्षण में पीआरवी (पुलिस रिस्पॉन्स व्हीकल) वाहनों द्वारा कम समय में जल्द सहायता पहुंचाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। पीसीआर को रोजाना 900 अधिक सूचनाएं प्राप्त होती हैं। इनको डॉयल 112 की 65 चार पहिया पीआरवी और 48 दोपहिया पीआरवी द्वारा पहुंचकर त्वरित सहायता प्रदान की जाती है।

कमिश्नरेट गौतम बुद्धनगर को सितंबर माह में जो सूचनाएं प्राप्त हुई, उनपर पीआरवी द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई कर सहायता दी गई। महिला सुरक्षा के दृष्टिगत कमिश्नरेट में छह महिला पीआरवी चलती है और हाईवे पर सुरक्षा एवं त्वरित रिस्पॉन्स के लिए चार पीआरवी ईस्टर्न-पेरिफेरल्स के साथ दो पीआरवी यमुना एक्सप्रेस-वे पर संचालित की जाती है। सितंबर में कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर का औसत रिस्पांस टाइम तीन मिनट 24 सेकेंड रहा।

## 3 बार मिला पीआरवी ऑफ द डे का खिताब

सितंबर में प्रदेश के यूपी-112 में कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर ने तीन बार पीआरवी ऑफ डे का खिताब हासिल किया है। रिस्पांस टाइम घटाने को लेकर कमिश्नरेट पुलिस कई योजनाओं पर काम कर रही है। त्वरित सहायता पहुंचने से कई बार घायल व्यक्ति को बचा लिया जाता है, तो कई बार अपराध के रोकथाम में भी यह सहायक बनता है। पुलिस कमिश्नर ने यूपी पुलिस की हेल्प लाइन नंबर यूपी 112 के पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने की बात कही है। यही नहीं, उन्होंने रिस्पांस टाइम को और कम करने पर जोर दिया है।

# 3 अक्टूबर को होगी नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक

**यूनीफाइड पॉलिसी के अलावा 20 से अधिक प्रस्तावों को किया जाएगा शामिल**




**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक 3 अक्टूबर को होगी। इस बैठक में 300 टीडीपी-टन प्रति दिन-क्षमता का कूड़ा निस्तारण प्लांट, यूनिफाइड पॉलिसी में बदलाव समेत 20 से अधिक प्रस्ताव रखे जाएंगे। बोर्ड बैठक सुबह साढ़े ग्यारह बजे सेक्टर-6 स्थित नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में होगी। बैठक की अध्यक्षता औद्योगिक विकास आयुक्त एवं नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन दीपक कुमार करेंगे। प्रस्ताव फाइनल करने को लेकर मंगलवार को बैठक होगी।

## अमिताभ कांत की सिफारिश का ब्योरा

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि अभी तक तैयार प्रस्तावों में कुछ मुख्य हैं। इनमें अमिताभ कांत समिति के अंतर्गत बिल्डरों की तरफ से जमा पैसा और फ्लैट खरीदारों की रजिस्ट्री का ब्योरा रखा जाएगा। बकाया नहीं देने वाले बिल्डरों पर कार्रवाई को लेकर मार्गदर्शन मांगा जाएगा। तीनों प्राधिकरण के कामकाज में एकरूपता लाने के लिए बनी यूनिफाइड पॉलिसी में फिर से बदलाव किए जाएंगे।

## यूनीफाइड पॉलिसी में बदलाव

अधिकारियों ने बताया कि अलग-अलग विभागों की स्कीम के लिए कहीं आवंटन राशि 90 दिन में जमा करना तो किसी में 60 दिन में जमा करने का जिक्र है। इनके अलावा कुछ काम में यूनिफाइड पॉलिसी के अंतर्गत संशोधन किए जाने हैं। नोएडा में 300 टीडीपी क्षमता का एक इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाया जाएगा, जिससे बिजली, खाद और शोधित पानी मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि वाटर मीटर से शुल्क लिए जाने का प्रस्ताव बैठक में रखा जाएगा।

## एयरपोर्ट के लिए बजट

जेवर में बन रहे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए बजट जारी करने समेत अन्य प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखे जाएंगे। शहर में करीब ढाई साल से वाटर मीटर लगे हुए हैं लेकिन प्राधिकरण अभी यूनिट शुल्क तय नहीं कर सका है। अधिकारियों ने बताया कि यूनिट शुल्क तय करने की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# शार्ट न्यूज

## राजकीय बाल गृह बालिका सेक्टर-62 नोएडा में कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन



**गौतमबुद्धनगर।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर के कुशल निर्देशन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर के नेतृत्व में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा व्यापक जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज राजकीय बाल गृह बालिका, सेक्टर-62 नोएडा में कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं का पूजन कर उनके प्रति सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को यह संदेश देना है कि बेटियाँ किसी भी दृष्टि से कम नहीं हैं और उन्हें समान अवसर व सम्मान प्रदान किया जाना चाहिए। महिला कल्याण विभाग का यह विशेष अभियान पूरे जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## ग्रेटर नोएडा में गाली-गलौज के विरोध पर मारपीट

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के दूबली गांव में गाली-गलौज का विरोध करने पर मारपीट हुई है। इस घटना में एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस-केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, दूबली गांव निवासी सुनील ने शिकायत दर्ज कराई है कि बुधवार को वह अपने घर के बाहर बैठे थे। तभी गांव के सोनू, मोंटी, मोनू और सीमा नामक महिला ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। बीच-बचाव करने आईं सुनील की बहन सपना और बेटे विकास के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इस घटना में सुनील, सपना और विकास घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले, सोमवार को दूसरे पक्ष के मुकेश ने भी रबूपुरा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। मुकेश ने आरोप लगाया था कि उनके साथ भी एक महिला समेत चार लोगों ने गाली-गलौज और मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

## ऑटो रिक्शा ने टीचर को टक्कर मारी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में एक तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा ने बाइक सवार शिक्षक को टक्कर मार दी। रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के कलूपुरा गांव के पास हुई इस घटना में शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, कलूपुरा गांव निवासी प्रदीप शर्मा स्थानीय स्कूल में शिक्षक हैं। बुधवार सुबह प्रदीप अपनी स्प्लेंडर बाइक से स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान भीकनपुर पुलिया के पास एक तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित के भाई अजय शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने ऑटो रिक्शा चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## नोएडा के पार्क में रावण दहन नहीं, आदेश वायरल

**नोएडा।** नोएडा में रावण दहन से पहले प्राधिकरण का एक आदेश जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें कहा गया है कि उद्यान खंड प्रथम के अंतर्गम आने वाले समस्त पार्कों में दशहरा उत्सव (रावण दहन ) और किसी प्रकार की सार्वजनिक गतिविधियों का किया जाना निषेध है। अगर ऐसा कोई करता है तो इसे एनजीटी के नियमों के विरुद्ध माना जाएगा। ये आदेश प्राधिकरण के सह निदेशक (उद्यान) की ओर से जारी किया गया। आदेश जारी होते ही आरडब्ल्यूए से लेकर सोसाइटी के लोगों ने इसका विरोध किया। साथ ही एक्स पर लेटर को वायरल किया गया। बता दे सह निदेशक ने ये आदेश स्वता संज्ञान लेते हुए जारी किया। शीर्ष अधिकारियों को इसकी जानकारी तक नहीं है। इस मामले में एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने बताया कि शहर में जहां भी रावण दहन के लिए सोसाइटी और आरडब्ल्यूए की ओर से परमिशन मांगी जाती है। उन्हे दी जाती है। उन्होंने स्वता संज्ञान लेकर ही आदेश जारी किया होगा। लेटर में ये भी लिखा है कि यदि इस आदेश के बाद भी कोई पार्क में रावण के पुतले का दहन करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।

## छठीं मंजिल से गिरकर महिला की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-113 थानाक्षेत्र के सर्फाबाद गांव स्थित छह मंजिला मकान की छत से एक महिला बुधवार दोपहर तीन बजे के करीब संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिर गई। सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगने के कारण महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सेक्टर-113 थाना प्रभारी ने बताया कि 30 साल की संध्या सर्फाबाद स्थित छह मंजिला मकान की दूसरी मंजिल पर माता-पिता के साथ रहती थीं। पति से उनका करीब पांच साल पहले तलाक हो चुका था। संध्या के कोई बच्चे नहीं थे। बुधवार दोपहर तीन बजे के करीब संध्या मकान की छत से संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिर गई। गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि संध्या लहूलुहान हालत में पड़ी हुई है। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया। रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक महिला तलाक के बाद से काफी परेशान चल रही थी। महिला छत से नीचे कैसे गिरी इसकी जानकारी के लिए पुलिस मकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। इस संबंध में कुछ लोगों से पुलिस ने पूछताछ भी की है। पुलिस का दावा है कि महिला की मौत मामले में परिजनों ने अभी तक शिकायत नहीं दी है। शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को महिला का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## पुलिस ने 7 चोरों को पकड़ा

**5 लाख का कॉपर बरामद, मोजर बेयर कंपनी से की थी चोरी**



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की सूरजपुर पुलिस ने मोजर बेयर कंपनी से कीमती सफेद तांबा चोरी करने वाले सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से लगभग 5 लाख रुपये मूल्य का 589 किलोग्राम सफेद तांबा बरामद किया है। इस मामले में चोरी में इस्तेमाल किए गए दो वाहन भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से इन आरोपियों को आशियाना आर्चिड्स गोलचक्कर के पास से पकड़ा। गिरफ्तार किए गए चोरों की पहचान गणेश पटेल, इनामुल्लाह, बबलू, रहमत अली, शरातुल्ला, सलामुल्ला और योगेश के रूप में हुई है। सूरजपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि इन बदमाशों ने बंद पड़ी मोजर बेयर कंपनी की दीवार कूदकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। वे चोरी किए गए तांबे को बेचने के लिए पिकअप बोलेरो महिंद्रा गाड़ी में भरकर ले जा रहे थे। अन्य आरोपी इनोवा टोयोटा कार से मौके पर पहुंचे थे।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए कड़े निर्देश

**पीलीभीत।** गांधी सभागार में बुधवार देर शाम आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने विभागवार समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।




### नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान जारी रहेगा

एआरटीओ ने बताया कि शासन के निर्देश पर 1 सितंबर से 30 सितंबर तक प्रदेश में नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान चलाया गया। पेट्रोल पंपों पर चेकिंग के साथ चालकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया गया। जिलाधिकारी ने आदेश दिया कि यह अभियान जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर निरंतर जारी रहे। पुलिस और परिवहन विभाग को हेलमेट न पहनने वाले चालकों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

### नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा चलाने पर रोक

जिलाधिकारी ने कहा कि नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा चलाने पर रोक लगाई जाए। इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। साथ ही प्रत्येक ई-रिक्शा पर उसके स्वामी का नाम और मोबाइल नंबर अंकित करने के निर्देश दिए गए।सड़क सुरक्षा को प्रभावित करने वाले बड़े पेड़ों की शाखाओं की छंटाई करने का आदेश दिया गया। वहीं, सड़क पर बेसहारा गोवंश से हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए उन्हें मुख्य मार्गों से हटाकर गौशालाओं में भेजने के निर्देश दिए गए। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का निर्णय लिया गया।

# पति के साथ जाने की जिद में पत्नी का सुसाइड

**महोबा।** महोबा जनपद के कबरई थाना क्षेत्र के विवेक नगर मोहल्ले में एक 30 वर्षीय महिला ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। महिला ने अपने पति के साथ जाने की जिद में यह कदम उठाया। मृतक रानी की शादी 10 वर्ष पूर्व जालौन जनपद के चन्द्रसी गांव निवासी नरेंद्र से हुई थी।
नरेंद्र निजामाबाद में एक गुटखा फैक्ट्री में काम करता है। रानी अगस्त माह में रक्षाबंधन पर अपने 7 वर्षीय पुत्र आशीष और ढाई वर्षीय पुत्री सौम्या के साथ मायके आई थी और तब से वहीं रह रही थी। रानी ने कई बार पति से उसे अपने साथ ले जाने की गुहार लगाई थी। नरेंद्र ने उसे दीपावली पर आकर साथ ले जाने का आश्वासन दिया था। पति के वादे के बावजूद, रानी की मानसिक स्थिति बिगड़ने लगी थी। उसने रिश्तेदारों और मायके वालों से पति द्वारा न ले जाने की शिकायत भी की। जब पति ने दोबारा दीपावली के बाद आकर ले जाने की बात कही, तो रानी ने अपनी साड़ी से फंदा बनाकर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# बुजुर्ग की समस्या सुनने खुद चलकर आये एसपी मो0 मुश्ताक



**ललितपुर।** एसपी ने जनसुनवाई के दौरान एक बुजुर्ग व्यक्ति को सांत्वना देकर उसकी समस्या गंभीरतापूर्वक सुनकर, समस्या के उचित व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा पुलिस कार्यालय में प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई की जा रही थी ।जनसुनवाई के दौरान एक 80 बर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर पुलिस ऑफिस , ललितपुर में आया । उक्त बुजुर्ग को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, उसके पास आकर, सर्वप्रथम उसका हाल-चाल पूँछकर उसकी समस्या को गंभीरतापूर्वक सुना गया । उक्त बुजुर्ग व्यक्ति व उसके पुत्र के साथ पड़ोसी द्वारा शराब के नशे में कहा-सुनी की गयी थी जिसको लेकर वह शिकायत करने आये थे। पुलिस अधीक्षक, द्वारा शिकायत का त्वरित व उचित निस्तारण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया । बुजुर्ग व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक, ललितपुर को हृदय से धन्यवाद और आशीर्वाद दिया।

## अल्मोड़ा में महिला से रेप करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा में पुलिस ने महिला के साथ रेप करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सोमेश्वर पुलिस ने की है। मामला 25 सितम्बर 2025 का है, जब रामपुर (उत्तर प्रदेश) निवासी एक महिला, जो वर्तमान में सोमेश्वर क्षेत्र में रह रही है, ने एक व्यक्ति पर रेप का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत सौंपी थी। महिला की शिकायत पर कोतवाली सोमेश्वर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी अल्मोड़ा देवेंद्र पींचा ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। इसके बाद कोतवाली प्रभारी सोमेश्वर मदन मोहन जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लगातार सुराग जुटाते हुए आरोपी को बिजलीघर अधूरिया, सोमेश्वर से गिरफ्तार कर लिया।

# पीलीभीत : चीतल के मांस के साथ दो शिकारी गिरफ्तार, तीसरा आरोपी फरार

**पीलीभीत।** महोफ रेंज की टीम ने गुप्त सूचना पर की गई कार्रवाई में चीतल का मांस बरामद करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, एक अन्य आरोपी मौके से फरार हो गया। मामला न्यूरिया थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव का है।
महोफ रेंज के स्टाफ को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गांव कमालपुर निवासी सुदीप सरकार के घर पर अवैध रूप से वन्यजीव का मांस रखा गया है। दबिश के दौरान टीम ने देखा कि सुदीप सरकार घर पर चीतल का कच्चा मांस काट रहा था। वहीं, एक अन्य युवक रबेन हलदार भी मौके पर मौजूद था। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि मांस उन्हें पड़ोसी विरगो उर्फ वीरु ने दिया है।



वनकर्मियों ने जब विरगो के घर की तलाशी ली तो वहां से लगभग एक किलो उबला हुआ मांस बरामद हुआ। हालांकि, विरगो मौके से फरार हो गया। आरोपियों ने पूछताछ में यह भी बताया कि विरगो उर्फ वीरु के तीन अन्य साथी जंगल से शिकार कर मांस बेचने का काम करते हैं ।टीम ने सुदीप सरकार और रबेन हलदार को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। फरार आरोपी की तलाश जारी है।

# राशन कोटे की बैठक में बवाल, सिपाही पर मारपीट का आरोप

## विवाद के बाद एसपी ने आरोपी सिपाही को किया लाइन हाजिर, रिपोर्ट तलब

**पीलीभीत।** उदरहा गांव में राशन कोटे की दुकान के आवंटन को लेकर आयोजित खुली बैठक में जमकर हंगामा हो गया।
बैठक में शामिल होने पहुंचे एक युवक ने आरोप लगाया कि गेट पर तैनात सिपाही ने उसे मतदान में शामिल होने से रोका और बाद में थाने ले जाकर बेरहमी से पिटाई की।
मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने आरोपी सिपाही को तत्काल लाइन हाजिर कर दिया है। साथ ही थाने से पूरे घटनाक्रम की विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है।
जानकारी के मुताबिक सोमवार को उदरहा गांव में निलंबित राशन कोटे की दुकान के नए आवंटन के लिए खुली बैठक आयोजित की गई थी।
इसी दौरान गांव निवासी वीरू अपने समर्थन में मतदान करने पहुंचे। आरोप है कि गेट पर तैनात घुघचाई थाने का सिपाही हरेंद्र कुमार ने उन्हें मतदान में शामिल होने से रोक दिया।
विरोध करने पर सिपाही ने वीरू का मोबाइल फोन छीन लिया और उन्हें जबरन थाने ले आया। पीड़ित वीरू का कहना है कि थाने पहुंचते ही सिपाही ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में वह गंभीर रूप से घायल हो गया।
इतना ही नहीं, आरोप है कि सिपाही ने शिकायत करने पर फर्जी मुकदमे में जेल भेजने की धमकी भी दी।
घटना के बाद पीड़ित ने सीधे पुलिस अधीक्षक से संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अभिषेक यादव ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सिपाही हरेंद्र कुमार को लाइन हाजिर कर दिया। मंगलवार को समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल भी पुलिस अधीक्षक से मिला और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की। गांव में हुई इस घटना को लेकर लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि राशन कोटे जैसी संवेदनशील प्रक्रिया में पुलिस की इस तरह की सख्ती और कथित दुर्व्यवहार ने सबको हैरानी में डाल दिया। अब गांववाले पुलिस जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

## कानपुर आईआईटी में बीटेक स्टूडेंट ने दी जान

**कानपुर।** कानपुर आईआईटी में एक छात्र ने हॉस्टल के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। वह इलेक्ट्रिकल इंजीनियर से बीटेक फाइनल ईयर में था। छात्र 2 दिन से कमरे से बाहर नहीं निकला था। तीसरे दिन कमरे से बदबू आने पर साथी छात्रों ने पुलिस और आईआईटी मैनेजमेंट को इस बारे में बताया। मौके पर पहुंची कल्याणपुर पुलिस ने हॉस्टल के कमरे का दरवाजा तोड़ा। अंदर छात्र का शव फंदे से लटक रहा था। शव काफी सड़ चुका था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। उसके पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। छात्र की बहन ने बताया- भाई से 5 दिन पहले बात हुई थी। तब उसने कहा था कि दिसंबर में छुट्टी पर घर आऊंगा। मार्च तक नौकरी भी मिल जाएगी। हरियाणा के महेंद्रगढ़ में रहने वाले सतीश सैनी हलवाई का काम करते हैं। परिवार में पत्नी सरोज बाला, बेटा नीरज, धीरज (22) और बेटी मोनिका हैं। सतीश ने बताया कि नीरज प्राइवेट नौकरी करता है, जबकि बेटी मोनिका की शादी हो चुकी है। धीरज तीनों भाई-बहनों में सबसे छोटा था। पिता सतीश ने बताया कि धीरज आईआईटी कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से बीटेक फाइनल ईयर का छात्र था। वह हॉस्टल नंबर-1 के 123 नंबर कमरे में रहता था। साथी छात्रों के मुताबिक, वह कुछ दिनों से गुमसुम सा रहता था। 2 दिन से कमरा बंद था।


# सिद्धार्थनगर में विवाहिता का फंदे से लटका मिला शव

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर के इटवा थाना क्षेत्र स्थित गोरया गांव में बुधवार को एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला।
इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। शर्मिला का विवाह वर्ष 2017 में गोरया गांव निवासी श्रवण उर्फ बेचन से हुआ था। गौना 2022 में हुआ था।
पुलिस सूत्रों के अनुसार, बुधवार दोपहर लगभग 1: 30 बजे शर्मिला का शव घर के अंदर फंदे से लटकता हुआ पाया गया।
सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव का पंचनामा तैयार किया और उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।
मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या का मामला है।
मृतका के भाई मनोज यादव ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब 2: 00 बजे उनकी बहन की सास ने उन्हें फोन कर शर्मिला की तबीयत खराब होने की सूचना दी।
जब परिवार गोरया गांव पहुंचा, तो वहां भीड़ जुटी हुई थी और शर्मिला का शव कमरे के बिस्तर पर पड़ा था।
मनोज यादव ने घटना की परिस्थितियों पर संदेह व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि ससुराल वालों ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का दावा किया, लेकिन कमरे की ऊंचाई केवल 7.5 फीट है।
छत में फांसी लगाने के लिए कोई साड़ी या रस्सी का फंदा नहीं था, जिससे फांसी लगाना असंभव प्रतीत होता है। जब परिवार ने ससुराल पक्ष से फंदे के बारे में पूछा, तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

# एसपी ने गूगल मीट के माध्यम से की अपराध व कानून व्यवस्था की समीक्षा

## आगामी त्यौहार रामनवमी दुर्गा मूर्ति विसर्जन, विजयदशमी के त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने के दिये निर्देश

**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा गूगल मीट के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधि0/थाना/शाखा प्रभारियों के साथ आगामी त्यौहार रामनवमी/दुर्गा मूर्ति विसर्जन,विजयदशमी के परिपेक्ष्य में तैयारियो की समीक्षा की गयी तथा त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।मीटिंग के बिन्दु निम्नवत हैं।
विसर्जन स्थल पर सुरक्षा प्रबंधन जनपद के सभी मूर्ति विसर्जन स्थलों पर उचित मात्रा में पुलिस बल , नाविकों / गोताखोरों व अन्य आवश्यक संशाधनों उचित प्रबंधन व व्यवस्थापन कर , उन्हें पूर्व में ही उनकी ड्यूटी के परिपेक्ष्य में ब्रीफिंग करना सुनिश्चित करें । ऐसे मूर्ति विसर्जन स्थल , जहां पर जलस्तर अधिक है, वहाँ रस्सियों (बैरिकेटिंग) की व्यवस्था अनिवार्य रूप से कराई जाए,





जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो ।ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस बल को सुरक्षा उपकरणों से लैस रहकर अपनी ड्यूटी पूरी सतर्कता एवं गंभीरता से करने के निर्देश दिए गए। समस्त थानों की पीआरवी को निर्धारित स्थलों पर ड्यूटी डिप्लॉयमेंट करना सुनिश्चित करे ।ध्वनि नियंत्रण एवं डीजे पर निगरानी विसर्जन के दौरान डीजे/ध्वनि विस्तारक यंत्र निर्धारित ध्वनि सीमा के अंतर्गत ही बजाए जाएं। किसी भी प्रकार का अश्लील, उत्तेजक अथवा ऐसे गीत/संगीत नहीं बजने चाहिए जिनसे किसी धर्म, जाति अथवा समुदाय की भावनाएं आहत हों। इस संबंध में पूर्व से ही डीजे संचालकों एवं आयोजकों के साथ बैठक कर, उन्हें सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया जाए। शांति एवं सौहार्द बनाए रखने हेतु व्यवस्था मूर्ति विसर्जन मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहे, ताकि यातायात -व्यवस्था सुचारू बनी रहे और कोई जाम न लगे। भीड़ नियंत्रण एवं शांति- व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल को नजदीकी स्थानों पर मुस्तैदी से तैनात किया जाए। पुलिस कर्मियों हेतु विशेष निर्देश ड्यूटी के दौरान सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी सतर्कता, संयम और सौम्यता के साथ अपने निर्धारित स्थान पर ड्यूटी का कार्य करें। किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित किया जाए और त्वरित व प्रभावी कार्रवाई की जाए। सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी त्यौहार (रामनवमी/दुर्गा मूर्ति विसर्जन, विजयदशमी) के दृष्टिगत पोस्टर पार्टियों को समय से निकालना व उनकी उचित ब्रीफिंग करना सुनिश्चित करे ।

# आगरा में मनपसंद सब्जी नहीं बनाने पर पत्नी की हत्या

## हसिया से काटा गला, लाश के पास बैठा रहा; बोला- मेरी बात नहीं मानती थी

**आगरा।** आगरा में एक किसान ने पत्नी की हसिया से गला काटकर हत्या कर दी। पत्नी उसकी बात नहीं मानती थी। वह कहता था पानी लाओ तो पानी नहीं लाती, सब्जी बनाओ तो दूसरी बना देती थी। इस वजह से दोनों में आए दिन लड़ाई होती रहती था। आज भी खेत से आने के बाद उसने जो सब्जी बताई थी। वह न बनाकर दूसरी बना थी। इससे नाराज होकर उसने हत्या कर दी। घर के अन्य सदस्य जब आए, तो घटना की जानकारी हो सकी।
सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। घटना थाना पिनाहट क्षेत्र के गांव झोरियां की है। झोरियां में कलूटा अपनी पत्नी उर्मिला



के साथ रहता है। दोनों की शादी 18 साल पहले हुई थी। इन दोनों के 6 बच्चे हैं, जिनमें 3 लड़कियां, 3 लड़के हैं। सभी की उम्र 15 साल से कम है।

### गला काटने के बाद लाश के पास बैठा रहा

आज पति कलूटा अपनी पत्नी उर्मिला के साथ खेत से बाजरा काटने के बाद घर पहुंचे थे। घर आने के बाद दोनों में विवाद हुआ। कलूटा की पत्नी उसकी बात नहीं मानती थी। वह कहता था पानी लाओ तो पानी नहीं लाती, सब्जी बनाओ तो दूसरी बना देती, और जिन लोगों से बात करने से मना करता था, उनसे बात करती थी। इसी बात को लेकर दोनों झगड़ा हुआ।
इसके बाद कमरे में कलूटा ने हंसिए से पत्नी का गला काट दिया। गला काटने के बाद लाश के पास बैठा रहा। इसके बाद घर से निकल गया। गांव में घूमने लगा। घर पर जब बच्चों को इसकी जानकारी हुई तो पड़ोसियों को बताया। परिवार के अन्य लोग जब घर पर आए, तो महिला की खून से सनी लाश देख होश उड़ गए।
सूचना मिलते ही थाना पिनाहट पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर लेने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। गांव के लोगों ने बताया कि आरोपी पति मानसिक रूप से बीमार है। उसका इलाज भी चल रहा है ।

# बाराबंकी में नवविवाहिता का शव फंदे से लटकता मिला

**हैदरगढ़।** सुबेहा थाना क्षेत्र के बादल पुरवा गांव में एक नवविवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर कमरे में फांसी के फंदे से लटकता मिला । सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।
मृतका की पहचान चांदनी के रूप में हुई है। चांदनी ने तीन माह पहले बादल पुरवा गांव निवासी प्रमोद कुमार से लव मैरिज की थी। दो दिन पहले ही मृतका का पति अमृतसर से गांव लौटा था।
बताया जा रहा है कि बुधवार को पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर अनबन हुई इसके बाद यह घटना घटित हो गई। घटना के समय घर के अन्य सदस्य खेत गए हुए थे। जब वे खेत से वापस लौटे, तो उन्होंने चांदनी को कमरे के अंदर फांसी पर लटका देखा।
तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और मृतका के परिजनों को घटना की जानकारी दी।
थाना अध्यक्ष कृष्णकांत सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्यवाही की जा रही है।
उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक इस मामले में कोई शिकायती पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# शार्ट न्यूज

## पुलिस अधीक्षक पीलीभीत ने कराया बलवा ड्रिल और दंगा नियंत्रण अभ्यास



**पीलीभीत।** आगामी त्योहारों को सुरक्षित और शांति पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, पीलीभीत ने बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल और दंगा नियंत्रण उपकरणों का प्रशिक्षण आयोजित किया।अभ्यास में पुलिस बल को भीड़ नियंत्रण की तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसमें शील्ड, लाठी, आंसू गैस और अन्य उपकरणों का सही प्रयोग सिखाया गया। पुलिस अधीक्षक ने बल प्रयोग की संतुलित विधि के साथ पुलिस की सामरिक क्षमता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, ताकि किसी भी अप्रिय घटना या दंगे की स्थिति में पुलिस त्वरित और सुरक्षित कार्रवाई कर सके। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया तथा समस्त क्षेत्राधिकारी और प्रभारी निरीक्षकगण अपने-अपने थाना/शाखा के पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस प्रकार का नियमित अभ्यास न केवल पुलिस की तत्परता बढ़ाता है बल्कि नागरिकों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी मददगार साबित होता है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस बल पूरी तरह तैयार रहेगा।

## महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीम/मिशन शक्ति द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में जाकर सार्वजनिक स्थानों,स्कूलों कॉलेजो व पार्को में महिलाओं/छात्राओं को महिला सशक्तिकरण से संबंधित बातें व कार्यक्रम के अंतर्गत कानून की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे - 1090 - वूमेन पावर लाइन 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1098 -चाइल्ड हेल्पलाइन 181 -महिला हेल्पलाइन 112 -पुलिस आपातकालीन सेवा 102 स्वास्थ्य सेवा 108 एंबुलेंस सेवा साइबर हेल्पलाइन नंबर - 1930 के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया और बालिकाओं व महिलाओं से संबंधित हो रहे विभिन्न अपराधों के विरुद्ध आवाज उठाने हेतु अपील की गई।

## बेटे की शादी से पहले मां-भाई की मौत

**ललितपुर।** ललितपुर में नेशनल हाईवे पर बुधवार को हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई। जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हुई है। उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। परिवार के अनुसार, नवंबर में बेटे की शादी है। तीनों शॉपिंग कर बाजार से घर लौट रहे थे। नेशनल हाईवे-44 पर रांग साइड से आए तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसा घर से महज 500 मीटर की दूरी पर हुआ। परिवार में दो मौतों से मातम पसर गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। ट्रक ड्राइवर की तलाश की जा रही है। कोतवाली सदर के गांव अमरपुर के मजरा चीरा निवासी निकिश (22) बुधवार दोपहर शहर में शादी की खरीदारी करने निकला था। उसके साथ मां शिमला (40) और चाची सोमंती भी थीं। निकिश के छोटे भाई रिसिक की शादी 25 नवंबर को होनी है। शादी की तैयारियों के लिए बैंक से पैसे भी निकालने गए थे। परिवार के लोगों के मुताबिक, शादी की शॉपिंग करके दोपहर करीब ढाई बजे तीनों लोग बाइक से लौट रहे थे। तभी एनएच-44 पर अमरपुर मंडी के सामने नगर पालिका परिषद के ट्रक ने रांग साइड से आकर उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पति फरार

**मैनपुरी।** मैनपुरी के औंछा थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पति अस्पताल में शव छोड़कर फरार हो गया। मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाया है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। नगला दया निवासी भूपेंद्र कुमार की पत्नी 23 वर्षीय पूजा की बुधवार दोपहर मौत हुई। पूजा की शादी डेढ़ साल पहले किशनी क्षेत्र के नगला दुली निवासी अशोक कुमार की बेटी से हुई थी ।भूपेंद्र बुधवार दोपहर पूजा को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया था। चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही पति भूपेंद्र मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और मृतका के मायके वालों को जानकारी दी। मायके पक्ष के परिजनों ने पूजा की हत्या का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि मृतका के सिर और शरीर के कुछ अन्य हिस्सों पर चोट के निशान मिले हैं। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर गहनता से जांच कर साक्ष्य एकत्र किए हैं।

## ललितपुर में ऑपरेशन कन्विक्शन का असर : एक माह में 87 अपराधियों को सजा

**ललितपुर ।** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा अभियोगों की प्रभावी पैरवी कराये जाने के आदेश के क्रम में ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन कानपुर व पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देश के क्रम में, पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में जनपद में चिन्हित अभियोगों में अपराधियों को शीघ्र व अधिक से अधिक सजा दिलाने जाने हेतु प्रभावी पैरवी कराते हुये मॉनीटरिंग सेल/पैरवी सेल में नियुक्त अधि0/कर्म0गण/पैरोकार एवं क्षेत्राधिकारीगण/थाना प्रभारी/विवेचकगण आदि को मा0 न्यायालय में पैरवी हेतु नामित किया गया था ।जिनके द्वारा अपराधों के अभियोगों की समुचित पैरवी मा0 न्यायालय में करते हुए साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को माननीय न्यायालय में समय से प्रस्तुत कराकर मॉनिटरिंग सेल एवं अभियोजन द्वारा की गई प्रभावी पैरवी से माननीय न्यायालय जनपद ललितपुर द्वारा 01 माह (सितम्बर) में कुल 65 चिन्हित अभियोगो में कुल 87 अपराधियों को अधिक से अधिक सजा करवायी गयी तथा कुल 2,03,900 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित करवाया गया है ।

## संभल में धान के खेत में मिला शव

**संभल।** संभल जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र में एक धान के खेत से बदायूं निवासी एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। सुबह खेत में काम करने पहुंचे किसानों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मृतक की पहचान हरीश कुमार (40) के रूप में हुई है। यह घटना गुन्नौर तहसील के बहट करन गांव की है। सुबह करीब 10 बजे किसान जब अपने खेतों में पहुंचे तो उन्होंने शव पड़ा देखा, जिसके बाद उन्होंने शोर मचाया। शुरुआती तौर पर शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी, जिसके चलते उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया गया। शाम को शव की पहचान बदायूं जिले के जरीफनगर थाना क्षेत्र के भोजीपुरा गांव निवासी हरीश कुमार पुत्र भारत सिंह के रूप में हुई। हरीश की बहन कलावती पत्नी राजेंद्र रजपुरा थाना क्षेत्र के जहानपुर गांव में रहती हैं। परिवार को इस बात की जानकारी नहीं है कि हरीश अपने घर से धान के खेत तक कैसे पहुंचे। ग्रामीणों की सूचना पर थानाध्यक्ष निशांत कुमार राठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

## संक्षिप्त समाचार

### अफगानिस्तान में तालिबान की सख्ती, इंटरनेट सेवाएं ठप

**काबुल, एजेंसी।** सोमवार को अफगानिस्तान में अचानक इंटरनेट ब्लैकआउट की स्थिति पैदा हो गई, जिससे देशभर में फाइबर-ऑप्टिक इंटरनेट सेवाएं ठप हो गईं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह कदम तालिबान सरकार द्वारा अनैतिकता रोकने के प्रयास के तहत उठाया गया है। मामले में नेटब्लॉक्स नामक इंटरनेट निगरानी संस्था ने बताया कि सोमवार को अफगानिस्तान में इंटरनेट कनेक्टिविटी सिर्फ 14% रह गई, जो लगभग पूरे देश में टेलिकॉम सेवाओं के ठप होने का संकेत है। संस्था ने कहा कि इससे लोगों का बाहरी दुनिया से संपर्क लगभग कट गया है। यह पहला मौका है जब अगस्त 2021 में सत्ता में आने के बाद तालिबान सरकार ने इतनी बड़ी इंटरनेट बंदी की है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कुछ हफ्ते पहले तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने फाइबर-ऑप्टिक इंटरनेट पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था, ताकि समाज में बढ़ती फ़अनैतिकताफ़ को रोका जा सके। तब से कई प्रांतों में इंटरनेट सेवाएं बाधित हो चुकी थीं।

### कोयला उद्योग को फिर से खड़ा करने में जुटे ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश में कोयला उद्योग को दोबारा जिंदा करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। ट्रंप प्रशासन ने सोमवार को घोषणा की कि 13 मिलियन (1.3 करोड़) एकड़ संघीय जमीन को कोयला खनन के लिए खोला जाएगा और 625 मिलियन डॉलर की मदद से देश के पुराने कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को फिर से चालू या आधुनिक बनाया जाएगा। यह फैसला ऊर्जा विभाग, आंतरिक मंत्रालय और पर्यावरण संरक्षण एजेंसी द्वारा लिया गया है। यह कदम ट्रंप द्वारा अप्रैल में जारी कार्यकारी आदेशों का हिस्सा है, जिसमें उन्होंने कोयला उद्योग को फिर से मजबूत बनाने की बात कही थी। अमेरिका में कोयला, एक भरोसेमंद लेकिन प्रदूषणकारी ऊर्जा स्रोत रहा है, जो पिछले कुछ वर्षों में सख्त पर्यावरण नियमों और सस्ती प्राकृतिक गैस के कारण घटता जा रहा था।

### टेक्सास में कसीनो पार्किंग में शख्स ने की गोलीबारी, दो लोगों की मौत-कई घायल; जांच में जुटे अधिकारी

**टेक्सास , एजेंसी।** अमेरिका के टेक्सास के एक सीमा शहर में साप्ताहांत के दौरान एक शख्स ने कसीनो की पार्किंग में गोलीबारी की। इसमें दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि आखिर उस व्यक्ति ने गोलीबारी क्यों की। आरोपी केरयान रशान जोन्स (34 वर्षीय) को शनिवार रात गोलीबारी के कुछ घंटों बाद एक ट्रैफिक स्टॉप पर गिरफ्तार किया गया। घटना किकाफू लकी ईगल कसीनों की पार्किंग में हुई थी, जो ईगल पास के नजदीक है। पीछा करने के बाद पुलिस ने जोन्स को रविवार को सुबह स्कॉटडेल के पास पकड़ा गया। स्कॉटडेल, ईगल पास से करीब 290 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। विल्सन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने यह जानकारी दी। मैवरिक काउंटी के शेरिफ टॉम श्मरबेर के मुताबिक, दो लोगों की हत्या करने और पांच लोगों को घातक हथियार से नुकसान पहुंचाने के आरोप में जोन्स के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामले दर्ज किए गए हैं। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि जोन्स को कहां रखा गया है और क्या उसकी ओर से कोई वकील पैरवी कर रहा है या नहीं। टेक्सास के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग के लेफ्टिनेंट क्रिस्टोफर ओलिवारेज ने कहा कि गोलीबारी किस वजह से हुई, इसकी अभी जांच चल रही है। टेक्सास पुलिस डिपार्टमेंट इस पूरे मामले की जांच कर रही है और उसने बताया कि जांच पूरी होने तक कसीनो बंद रहेगा।

### गाजा युद्ध पर विरोध जताना पड़ा भारी, अमेरिका ने कोलंबिया के राष्ट्रपति का वीजा रद्द किया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** कोलंबिया और अमेरिका के बीच रिश्तों में नया तनाव देखने को मिला है। सोमवार को कोलंबिया सरकार ने बताया कि देश की विदेश मंत्री रोसा विलाविसेंसियो ने अपने अमेरिकी वीज़ा को त्याग दिया है, यह कदम उन्होंने राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो का वीज़ा रद्द किए जाने के विरोध में उठाया। राष्ट्रपति पेट्रो ने हाल ही में न्यूयॉर्क में गाजा युद्ध के खिलाफ एक प्रदर्शन में हिस्सा लिया था। इस दौरान उन्होंने फिलिस्तीन को आज़ाद कराने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय सेना बनाने की मांग की थी और अमेरिकी सैनिकों से ट्रंप के आदेश न मानने की अपील भी की थी। वह फिलिस्तीनी पारंपरिक स्कार्फ कुफिया पहनकर प्रदर्शन में शामिल हुए थे। इसके कुछ ही घंटों बाद अमेरिकी विदेश विभाग ने घोषणा की कि पेट्रो के भड़काऊ और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार के चलते उनका वीज़ा रद्द किया जा रहा है। उस वक्त राष्ट्रपति पेट्रो यूएन महासभा में शामिल होने के बाद कोलंबिया लौट चुके थे।

# इंडोनेशिया में इस्लामिक स्कूल की इमारत ढही, एक छात्र की मौत और 65 मलबे के नीचे दबे

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया में इस्लामिक स्कूल की इमारत मंगलवार को अचानक ढह गई। इसकी चपेट में आने से एक छात्र की मौत हो गई। मलबे के नीचे अभी 65 छात्रों के दबे होने की आशंका है। राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सिदोअर्जो के ईस्ट जावा कस्बे में अल खोजिनी इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल स्थित है। इसकी इमारत ढहने की सूचना मिलने के बाद बचावकर्मी, पुलिस और सैन्यकर्मी पूरी रात राहत व बचावकार्य में जुटे रहे। रिपोर्ट के मुताबिक, स्कूल की इमारत जर्जर हालत में थी। घटना के 12 घंटे से भी अधिक समय बाद मंगलवार सुबह छात्रों को बाहर निकालने के प्रयास जारी रहे। उन्होंने बताया कि घटना में एक छात्र की मौत हो गई। कई अन्य घायल हो गए। कम से कम 65 छात्रों के मलबे में दबे होने की आशंका है। इन छात्रों की उम्र 12 से 17 वर्ष के बीच है।

**इमारत का किया जा रहा था विस्तार :** घटना के 8 घंटे से अधिक समय बाद पुलिस, सैन्यकर्मी और बचावकर्मी आठ घायलों को बाहर निकालने में सफल रहे। बचावकर्मियों को इस दौरान और शव भी दिखे, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। प्रांतीय पुलिस के प्रवक्ता जूल्स अब्राहम अबास्ट ने बताया कि छात्र उस इमारत में दोपहर की नमाज अदा कर रहे थे। इमारत का अनधिकृत विस्तार किया जा रहा था, तभी अचानक



वह गिर गई। इस निर्माण कार्य को लेकर जांच की जाएगी और उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

**मलबे में कई शव देखे गए :** घटना इंडोनेशिया के पूर्वी जावा के सिदोअर्जो शहर के अल खोजिनी इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल में हुई। कई घंटों के बचाव कार्य के बाद मलबे से आठ छात्रों को निकाला गया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। बचावकर्मियों ने मलबे में कई शव देखने का दावा किया है, जिससे आशंका है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। फिलहाल बचावकर्मी जीवित लोगों को जल्द से जल्द मलबे से निकालने की कोशिश कर रहे हैं। छात्रों के परिजन मौके पर मौजूद हैं और अपने बच्चों की खबर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कई परिजन रोते-बिलखते देखे गए। लापता 65 छात्रों में से अधिकतर सातवीं से 11वीं कक्षा के छात्र हैं, जिनकी उम्र 12 साल से लेकर 17 साल के बीच है। खोज और बचाव अभियान का नेतृत्व कर रहे एक अधिकारी ने बताया कि कंक्रीट के भारी स्लैब और अन्य मलबे के चलते बचाव कार्य बाधित हो रहा है। उन्होंने बताया कि बचाव कार्य के लिए भारी उपकरणों का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है क्योंकि भारी उपकरणों से ढहा हुआ मलबा और ढह सकता है। यही वजह है कि बचाव कार्य में देरी हो रही है।

**पुलिस ने बताया- इमारत के अवैध विस्तार से हुआ हादसा :** प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि छात्र एक इमारत में दोपहर की प्रार्थना कर रहे थे, उसी दौरान इमारत गिर गई। उन्होंने बताया कि स्कूल इमारत का अनधिकृत विस्तार किया जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में एक 13 वर्षीय छात्र की मौत हो गई और 99 अन्य छात्र घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। अधिकारी इमारत के ढहने के कारणों की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि पुराना प्रार्थना कक्ष दो मंजिला था, लेकिन बिना अनुमति के दो और मंजिलें बनाई जा रही थीं। पुरानी इमारत की नींव कंक्रीट की दो मंजिलों का वजन नहीं संभाल पाई और ढह गई।

### अदन की खाड़ी में कार्गो शिप पर हमला, जहाज छोड़कर भागा चालक दल; हूती विद्रोहियों पर लगा आरोप

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** हॉलैंड का झंडा लगे एक कार्गो जहाज पर सोमवार को अदन की खाड़ी में मिसाइल हमला हुआ। इस हमले में जहाज बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है और चालक दल के दो सदस्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हमले के बाद चालक दल के सदस्य जहाज को छोड़कर भाग गया। अदन की खाड़ी में किसी जहाज पर हुआ यह हाल के समय में सबसे गंभीर हमला है। जिस जगह हमला हुआ, वह लाल सागर से कुछ दूरी पर है। हमले का आरोप ईरान समर्थित यमन के हूती विद्रोहियों पर लगा है। हालांकि अभी तक हूती विद्रोहियों ने आधिकारिक तौर पर हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। फ्रांसीसी सेना के मेरीटाइम सेंटर ने दावा किया है कि कार्गो शिप पर हमला हूती विद्रोहियों द्वारा ही किया गया है। जिस कार्गो शिप पर हमला हुआ, उस पर बीती 23 सितंबर को भी हमले की असफल कोशिश हुई थी। वह हमला भी अदन की खाड़ी में किया गया था। अदन की खाड़ी, बाब अल मंदेब जलडमरूमध्य को लाल सागर से जोड़ती है। बाब अल मंदेब जलडमरूमध्य पूर्वी अफ्रीका को अरब प्रायद्वीप से अलग करता है। जिस जगह जहाज पर हमला हुआ, वह दुनिया के सबसे खास समुद्री रास्तों में से एक है। खासकर कच्चे तेल के व्यापार के लिए यह रूट बेहद अहम है।

### शहबाज शरीफ और असीम मुनीर हमेशा हमारे साथ रहे, गाजा प्लान पर पाकिस्तान का समर्थन मिलने पर बोले ट्रंप

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा युद्ध खत्म करने की शांति योजना का पाकिस्तान ने समर्थन किया है। ट्रंप ने इसको लेकर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर की तारीफ की। व्हाइट हाउस की ओर से से 20 बिंदुओं की शांति योजना की घोषणा की गई, जिसके बाद ट्रंप ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि यह योजना इस्राइल और हमास के बीच जारी संघर्ष को खत्म करने के मकसद से तैयार की गई है। इस प्रेस वार्ता में ट्रंप ने सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे कई अरब और इस्लामी देशों के नेताओं का आभार जताया, जिन्होंने इस योजना के लिए सुझाव दिए हैं। उन्होंने इस योजना को नए गाजा के पुनर्निर्माण के लिए एक साझा प्रयास बताया। ट्रंप ने पाकिस्तानी नेतृत्व की चर्चा करते हुए कहा, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और फील्ड मार्शल (जनरल असीम मुनीर) शुरुआत से ही हमारे साथ थे। उन्होंने अभी एक बयान जारी किया है कि वे इस प्रस्ताव पर पूरी तरह विश्वास रखते हैं। ट्रंप ने आगे कहा, अभी मैं घूम रहा था तभी अधिकारियों ने मुझे बताया- सर, आपके लिए एक बड़ा संदेश है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और फील्ड मार्शल इस योजना का सौ फीसदी समर्थनक कर रहे हैं। शहबाज शरीफ ने एक्स पर ट्रंप की इस योजना का स्वागत किया



और कहा कि फलस्तीनियों और इस्राइलियों के बीच स्थायी शांति इस क्षेत्र में राजनीतिक स्थिरता और आर्थिक विकास के लिए जरूरी है। अगर इस्राइल और हमास दोनों ट्रंप की इस योजना पर सहमत होते हैं, तो युद्ध तत्काल खत्म हो जाएगा। योजना के मुताबिक, दोनों पक्ष बंधकों को रिहा करेंगे और हमास को पूरी तरह निरस्त्र किया जाएगा। इसके बाद इस्राइली सेना गाजा से पीछे हटेगी और सभी सैन्य अभियान रोक दिए जाएंगे। इस योजना के स्वीकार करने के बाद इस्राइल 72 घंटों के भीतर सभी बंधकों को वापस लेगा, चाहे वे जीवित हों या मृत। इसके बदले में इस्राइल उम्रकैद की सजा पा चुके 250 फलस्तीनी कैदियों और सात अक्तूबर 2023 के बाद गिरफ्तार किए गए 1700 गाजावासियों को रिहा करेगा, जिनमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। ट्रंप ने इससे पहले भी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख असीम मुनीर की तारीफ की थी और उन्हें शानदार इंसान बताया था। यह बयान उन्होंने व्हाइट हाउस में एक तय मुलाकात से पहले दिया था। ट्रंप ने कहा था।

## भारतीय मूल के ट्रक ड्राइवर ने खुद को बताया निर्दोष

**फ्लोरिडा , एजेंसी।** अमेरिका के फ्लोरिडा के हाईवे पर बीते दिनों हुए दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत के मामले में आरोपी भारतीय मूल के ट्रक ड्राइवर हरजिंदर सिंह ने खुद को निर्दोष बताया है। 28 वर्षीय हरजिंदर सिंह ने सोमवार को अदालत में अपनी पहली पेशी छोड़ दी और गुनाह कबूल नहीं है की दलील दी। बता दें कि 12 अगस्त को फ्लोरिडा के टर्नपाइक हाईवे पर हरजिंदर सिंह ने अपने बड़े ट्रक से अचानक गैरकानूनी यू-टर्न लेने की कोशिश की। तभी पीछे से आ रही एक मिनीवैन ट्रक से टकरा गई। हादसे में वैन के ड्राइवर और दो यात्रियों की मौके पर मौत हो गई। सिंह और उनके साथ ट्रक में मौजूद व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई।


हरजिंदर सिंह पर विहिकलर होमिसाइड (यानि लापरवाही से गाड़ी चलाकर मौत की वजह बनना) के तीन मामले दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा उन पर अमेरिका में अवैध रूप से रहने और इमिग्रेशन नियमों के उल्लंघन के आरोप भी हैं। उन्हें फ्लोरिडा की सेंट लूसी काउंटी जेल में रखा गया है और कोर्ट ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया है। इतना ही नहीं जांच में सामने आया कि सिंह को पहले वॉशिंगटन में और फिर कैलिफोर्निया में कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस दिया गया था, जबकि उनके इमिग्रेशन स्टेटस के चलते उन्हें यह लाइसेंस मिलना ही नहीं चाहिए था। इस मामले के बाद ट्रंप प्रशासन और कैलिफोर्निया के गवर्नर के बीच बयानबाज़ी भी शुरू हो गई।

मामले में अमेरिका के परिवहन मंत्री शॉन डफी ने हादसे के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि कई राज्यों में गैर-कानूनी तरीके से सीडीएल (कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस) जारी किए जा रहे थे। कैलिफोर्निया में सबसे ज्यादा लापरवाही मिली, जिसके चलते अमेरिकी सरकार अब राज्य से 160 मिलियन डालर (करीब 1300 करोड़ रुपये) की फंडिंग रोकने की चेतावनी दे रही है। अब इस मामले में अगली सुनवाई शुक्रवार को प्री-ट्रायल डॉकेट कॉल के रूप में होगी।

## ट्रंप ने बदल दिया गाजा का नक्शा, खींची नीली-पीली और लाल रंग से सीमा

**गाजा , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में युद्ध विराम की योजना पर सहमति जताई है। इसके साथ ही ट्रंप ने युद्धग्रस्त फिलिस्तीन क्षेत्र में युद्ध के बाद शासन स्थापित करने के लिए एक 20-सूत्रीय योजना की पेशकश की है। ट्रंप की इस योजना के तहत गाजा में एक अस्थायी शासी बोर्ड की स्थापना की जाएगी, जिसके अध्यक्ष ट्रंप होंगे, जबकि पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर भी उस बोर्ड में शामिल होंगे। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि हमास ने उन शर्तों पर हामी भर दी है या उसे 20 सूत्री प्रस्ताव पर ऐतराज है।

वाइट हाउस में ट्रंप ने 20 सूत्री प्रस्ताव का ऐलान करते हुए कहा कि इससे बेंजामिन सहमत हैं। उन्होंने इस मौके पर गाजा का एक नक्शा भी जारी किया, जिस पर लाल, नीली और पीली रंग से रेखाएं खींची गई हैं। इस नक्शे के अनुसार गाजा



और इजरायल के बीच हमेशा के लिए एक बफर जोन होगा। ट्रंप के प्रस्ताव के मुताबिक उस बफर जोन की रेखा के इस पार या उस पार इजरायली और फिलिस्तीनी सैनिकों और आम जनों के आने-जाने पर पूर्ण पाबंदी होगी। यानी न तो सैनिक और न ही आमजन इस रेखा को पार कर सकेंगे।

**नीली-पीली और लाल रेखा का क्या मतलब :** राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा स्वीकृत गाजा प्लान के तहत जो नक्शा जारी किया गया है, उस पर तीन रंग (नीली, पीली और लाल) की लाइनें हैं। उसके बाद इजरायल सीमा से सटा एक बफर जोन भी है। गाजा पट्टी के नक्शे पर जो नीली रेखा खींची गई है, वहां तक अभी इजरायली रक्षा बलों का कंट्रोल है। यह रेखा खान सूनुस के करीब है। इसके बाद राफा से होकर पीली रेखा खींची गई है। इसे विदड्रावल लाइव कहा गया है। इसका मतलब यह हुआ कि जैसे ही हमास बंधकों की रिहाई करेगा, 72 घंटे के अंदर इजरायली फौज इस पीली रेखा तक वापस आ जाएगी।

**बफर जोन के आर-पार जाने की इजाजत नहीं :** इस रेखा के बाद सेकंड विदड्रावल लाइन भी खींची गई है, जो लाल रंग से अंकित है। यानी पीछे हटती हुई इजरायली सेना इस लाइन तक आकर रुक जाएगी। इसके बाद एक और रेखा खींची गई है जो इजरायल की सीमा से सटी हुई है। इसे बफर जोन कहा गया है। थर्ड विदड्रावल के बाद इजरायली सैनिक इसी रेखा के पास आकर रुक जाएंगे। प्रस्ताव में कहा गया है कि इस बफर जोन के आर-पार जाने की किसी को भी इजाजत नहीं होगी। ट्रंप ने अपने प्लान को बताते हुए कहा कि इजरायल और अन्य देशों ने भी गाजा के इस नए नक्शे और प्लान की रूपरेखा को स्वीकार कर लिया है। प्लान में कहा गया है कि यदि योजना दोनों पक्षों द्वारा स्वीकार कर ली जाती है, तो युद्ध तुरंत समाप्त हो जाएगा। इसके अलावा गाजा में बंद सभी जीवित और मृत बंधकों को 72 घंटों के भीतर वापस लौटा दिया जाएगा और बदले में फिलिस्तीनी कैदियों को भी रिहा कर दिया जाएगा।

**नेतन्याहू जो करना चाहेंगे, उसे पूरा समर्थन-ट्रंप :** प्लान के मुताबिक गाजा पट्टी पर अस्थायी रूप से एक फ़िलिस्तीनी तकनीकी सरकार का शासन होगा, जिसमें हमास की कोई भूमिका नहीं होगी और इजरायल गाजा पर कब्ज़ा नहीं करेगा। ट्रंप ने उम्मीद जताई है कि हमास भी इस योजना को स्वीकार कर लेगा। उन्होंने हमास को धमकी देते हुए दो टूक कहा है कि अगर हमास इस योजना को नहीं मानता है तो वह इजरायली प्रधानमंत्री को खुली छूट देंगे और नेतन्याहू जो करना चाहेंगे, उसे उनका पूरा समर्थन होगा।

## पीओजेके में प्रदर्शन के दौरान हिंसा में तीन की मौत; प्रदर्शनकारियों को मिला पुलिस का साथ

**मुजफ्फराबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में सोमवार को हालात उस वक्त बिगड़ गए जब क्षेत्र की पुलिस भी पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ सड़कों पर उत्तर आई। अवामी एक्शन कमेटी पहले से क्षेत्रीय समस्याओं के खिलाफ शहबाज सरकार के विरोध में धरने-प्रदर्शन करती आ रही है। सोमवार को स्थानीय पुलिसकर्मियों में भी पाकिस्तान की सरकार के प्रति नाराजगी देखने को मिली। हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई और 22 लोग घायल हो गए।

स्थानीय पुलिसकर्मियों ने मांगे पूरी न होने पर पूरे पीओजेके में बंद किया। हालात नियंत्रित करने के लिए सरकार ने भारी संख्या में सुरक्षा बल को प्रांत में तैनात कर दिया। इनमें 7,000 सुरक्षाबल और फ्रंटियर फोर्स के सैनिकों को तैनाती मिली। स्थानीय पुलिसकर्मियों ने पाकिस्तानी सरकार के सामने 11 सूत्रीय मांगें रखीं थीं, जिनमें वेतन वृद्धि से लेकर जोखिम भत्ता, आवास और सरकारी योजनाओं का लाभ देने के प्रावधान शामिल थे।

**कई घंटे की बैठक के बाद वार्ता हुई नाकाम :** अवामी एक्शन कमेटी के नेता शौकत नवाज मीर ने कहा, हमारा अभियान किसी संस्था के खिलाफ नहीं है। लेकिन, पिछले 70 वर्षों से पीओजेके के लोगों को मौलिक अधिकार नहीं मिले हैं। बस अब बहुत हो गया। या तो हमें हमारे अधिकार दो और या फिर लोगों के गुस्से का सामना करें। पाकिस्तान सरकार कमेटी से बातचीत भी कर रही है। हालांकि 13 घंटे तक चली बैठक के बाद यह बार्ता नाकाम हो गई।

**जनजीवन ठप :** पीओजेके में सोमवार को पूर्ण हड़ताल हुई। बाजार, दुकानें और व्यावसायिक केंद्र बंद रहे। कश्मीरी आबादी द्वारा सभी व्यावसायिक गतिविधियों को रोककर संयुक्त कार्रवाई समिति के प्रति मजबूत समर्थन जताने के कारण पूरे क्षेत्र को सड़कें और गलियां वीरान रहीं। सोमवार को पीओजेके में जनजीवन ठप रहा।

**इंटरनेट ब्लैकआउट पर अंतरराष्ट्रीय दखल का आग्रह :** यूनाइटेड कश्मीर पोपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) ने पीओजेके में इंटरनेट व फोन सेवाएं बंद करने के बाद अंतरराष्ट्रीय अपील जारी की है। संगठन ने कहा, यह संचार ब्लैकआउट पाकिस्तानी अफसरों के शांतिपूर्ण असहमति को दबाने और बढ़ती अशांति में क्षेत्र को वैश्विक समुदाय से अलग-थलग करने की जानबूझकर की गई एक चाल है। प्रदर्शनकारी यहां बुनियादी अधिकारों व आर्थिक न्याय की मांग कर रहे हैं। पीओजेके में पाकिस्तान पर दशकों से लोगों के राजनीतिक दमन के आरोप लगे हैं, जिनके विरोध में प्रदर्शन चल रहे हैं। यूकेपीएनपी ने चेताया कि पाकिस्तान ने पूरे क्षेत्र में अर्धसैनिक रेंजर्स और अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया है, जिससे हिंसा संभव है।

### फरवरी 2026 से एच-1बी वीजा में बड़े बदलाव करने जा रहा अमेरिका, भारतीय पेशेवरों पर पड़ेगा असर

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने कहा कि फरवरी 2026 से पहले एच-1बी वीजा प्रक्रिया में काफी बदलाव होंगे। गौरतलब है कि ट्रंप सरकार ने एच-1बी वीजा की फीस कई गुना बढ़ाकर 100,000 अमेरिकी डॉलर कर दिया है और नया शुल्क भी फरवरी 2026 से ही लागू होगा। लुटनिक ने एच-1बी वीजा पर सस्ते तकनीकी सलाहकारों के देश में आने और अपने परिवारों को लाने के विचार को बिल्कुल गलत बताया।

**लॉटरी सिस्टम को खत्म कर सकती है अमेरिकी सरकार :** लुटनिक ने एक हालिया इंटरव्यू में बताया कि फरवरी 2026 में जब एच1बी वीजा की बढ़ी हुई फीस लागू होगी, तब इसमें कई बड़े बदलाव होंगे। लुटनिक ने संकेत दिए कि अमेरिकी सरकार एच1बी वीजा के तहत लॉटरी सिस्टम को खत्म कर सकती है। लुटनिक ने लॉटरी सिस्टम की आलोचना की और सवाल किया कि क्या किसी देश को लॉटरी के जरिए कुशल श्रमिकों को अपने देश में लाना चाहिए? अमेरिका के वाणिज्य मंत्री लुटनिक ने कहा कि एच-1बी लॉटरी को ठीक किया जाना चाहिए और अमेरिका को उच्च-कुशल नौकरियां केवल सबसे कुशल लोगों को ही देनी चाहिए।

**उच्च प्रशिक्षित पेशेवरों को ही मिलेगी वरीयता :** लुटनिक ने कहा कि कंपनियों को ऐसे तकनीकी सलाहकारों और प्रशिक्षुओं को रखने का विचार समाप्त कर देना चाहिए जो सस्ते हों। इस बारे में मेरी राय पक्की है। मुझे लगता है कि राष्ट्रपति इन मुद्दों




पर मेरे साथ हैं। मेरा मानना है कि सस्ते तकनीकी सलाहकार इस देश में आएं और अपने परिवारों को भी लाएं, ये मुझे बिल्कुल गलत लगता है, और मैं इसे सही नहीं मानता हूं। माना जा रहा है कि भविष्य में अमेरिकी सरकार एच1बी वीजा के तहत सिर्फ उच्च प्रशिक्षित पेशेवरों को ही वरीयता दे सकती है। एच-1बी वाजी की बढ़ी हुई फीस से अमेरिका में काम करने के इच्छुक भारतीय पेशेवरों पर गंभीर असर होगा। गौरतलब है कि एक लाख अमेरिकी डॉलर एच1बी वीजा के लिए एकमुश्त शुल्क होगा। हालांकि नई दरें मौजूदा वीजा धारकों पर लागू नहीं होगी और केवल नए आवेदकों को ही बढ़ी हुई फीस का भुगतान करना होगा। एच1बी वीजा प्रक्रिया को 1990 में शुरू किया गया था और दुनियाभर के पेशेवरों के लिए, जो अमेरिका में अपना करियर बनाना चाहते हैं, यह एच-1बी वीजा खासा लोकप्रिय है। अब जब अमेरिका सरकार इसके नियम कड़े करने जा रही है तो इसका असर भारतीय पेशेवरों पर भी पड़ेगा क्योंकि बड़ी संख्या में भारतीय पेशेवर एच-1बी वीजा के दम पर ही अमेरिका में काम कर पाते हैं। इस महीने अमेरिकी श्रम विभाग ने प्रोजेक्ट फायरवॉल की शुरुआत की घोषणा की है।

## नोबेल की दौड़ में इस बार 338 दावेदार; लेकिन ट्रंप को नहीं मिलेगा

**ओस्लो, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नोबेल शांति पुरस्कार पाने के लिए खासे बेकरार हैं, लेकिन ट्रंप पुरस्कार की दौड़ से पहले ही बाहर हो गए हैं। दरअसल नोबेल के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति का नाम समयसीमा के बाद प्रस्तावित किया गया। ओस्लो में 10 अक्तूबर को होने वाले पुरस्कारों के एलान के लिए इस बार दौड़ में 338 दावेदार हैं।

नॉर्वेजियन नोबेल समिति में नॉर्वेजियन संसद के नियुक्त पांच व्यक्ति होते हैं। ये सदस्य अक्सर सेवानिवृत्त राजनेता होते हैं, लेकिन हमेशा नहीं। वर्तमान समिति का नेतृत्व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा करने वाले समूह पीईएन इंटरनेशनल की नॉर्वेजियन शाखा के प्रमुख करते हैं। एक अन्य सदस्य एक शिक्षाविद हैं। इन सभी सदस्यों को नॉर्वेजियन राजनीतिक दल नामित करते हैं और इनकी नियुक्तियां नॉर्वे की संसद में शक्ति संतुलन को उजागर करती हैं। कौन जीत सकता है : ऐसा कोई भी शख्स जो स्वीडिश उद्योगपति अल्फ्रेड नोबेल की 1895 की वसीयत में दिए गए विवरण पर खरा उतरे। वह नोबेल पुरस्कार का हकदार होता है। इसके मुताबिक, पुरस्कार ऐसे शख्स को दिया जाना चाहिए जिसने राष्ट्रों के बीच भाईचारे को बढ़ावा देने,स्थायी सेनाओं को खत्म करने या कम करने और शांति सम्मेलनों की स्थापना और संवर्धन के लिए सबसे अधिक या सर्वोत्तम काम किया हो। पुरस्कार की तैयारी का काम देखने वाले नोबेल शांति पुरस्कार समिति के सचिव क्रिस्टियन बर्ग हार्पविकेन के मुताबिक, विजेता चुनना आसान नहीं होता। उनके अनुसार यह पुरस्कार मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर समझना चाहिए। समिति दुनिया में हो रही घटनाओं,अंतरराष्ट्रीय रुझानों, बड़ी चिंताओं और सबसे आशाजनक प्रक्रियाएं मसलन, फिर चाहे वह शांति प्रक्रिया हो या



नया अंतरराष्ट्रीय समझौता तक हो सकती हैं। हार्पविकेन चर्चाओं में शामिल हो सकते हैं,लेकिन मतदान नहीं कर सकते।

**कौन नामांकित कर सकता है :** हजारों लोग नामों का प्रस्ताव कर सकते हैं। इनमें सरकारों और संसदों के सदस्य,वर्तमान राष्ट्राध्यक्ष,इतिहास, सामाजिक विज्ञान, कानून और दर्शनशास्त्र के विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और पूर्व नोबेल शांति पुरस्कार विजेता या अन्य शामिल होते है। इस साल पुरस्कार के लिए 338 नामांकित शख्स हैं। इन नामों की पूरी सूची 50 साल तक गुप्त रहती है, हालांकि कुछ लोग अपने नामांकन खुद जाहिर कर देते हैं। हार्पविकेन बताते हैं कि नामांकन 31 जनवरी को बंद हो जाते हैं। समिति सदस्य अपनी पहली बैठक (फरवरी) तक नाम जोड़ सकते हैं। उसके बाद सभी नामों की समीक्षा कर एक शॉर्टलिस्ट बनाई जाती है। हर उम्मीदवार का मूल्यांकन स्थायी सलाहकार और विशेषज्ञों करते हैं। समिति लगभग महीने में एक बार मिलती है और आमतौर पर निर्णय अगस्त या सितंबर में लेती है। समिति सहमति से फैसला चाहती है, लेकिन जरूरत पड़ने पर मतदान होता है। आखिरी बार समिति सदस्य का विरोध में इस्तीफा 1994 में हुआ था, तब फलस्तीनी नेता यासिर अराफात के इस्राइल के शिमोन पेरेज और यित्जाक राबिन को संयुक्त तौर पर नोबेल पुरस्कार मिला था। पूरी सूची 50 साल तक गुप्त रहती है, हालांकि नामांकन करने वाले चाहें तो नाम सार्वजनिक कर सकते हैं। इस साल जिनके नाम सामने आए उनमें अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय,नाटो, जेल में बंद हांगकांग कार्यकर्ता चाउ हैंग तुंग और कनाडाई मानवाधिकार वकील इरविन कोटलर शामिल हैं। कंबोडिया,इस्राइल और पाकिस्तान के नेताओं के मुताबिक, उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नामित किया था,लेकिन ये नामांकन 31 जनवरी की समय सीमा के बाद वसंत और गर्मियों में किए गए थे,इसलिए वे 2025 के पुरस्कार के लिए मान्य नहीं हैं।विशेषज्ञों का कहना है कि सिर्फ तभी जब वह अपनी नीतियां बदलें,क्योंकि फिलहाल उन्हें उस वैश्विक व्यवस्था को कमजोर करने वाला माना जाता है जिसे समिति महत्व देती है। इसके बजाय,समिति पुरस्कार के लिए किसी मानवीय संगठन, पत्रकारों या संयुक्त राष्ट्र संस्था को चुन सकती है या चौंकाने वाला नाम का एलान कर सकती है।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम गुरुवार से यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरु हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में बुलंद हौंसले से उतरेगी। भारतीय टीम ने जहां रविवार को एशिया कप जीता है। वहीं वेस्टइंडीज को नेपाल के खिलाफ टी20 सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। जिससे अंदाजा होता है कि वह कितनी कमजोर हो गयी है। ऐसे में भारतीय टीम का लक्ष्य वेस्टइंडीज पर बड़ी जीत दर्ज करना रहेगा। ये सीरीज जीतकर भारतीय टीम के पास विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के लिए अंक हासिल करने का अच्छा अवसर है। इससे पहले भारतीय टीम ने इंग्लैंड दौरे पर पर भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टेस्ट सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराने के सफलता हासिल की थी। भारतीय टीम को इस सीरीज में घरेलू हालातों का भी लाभ मिलेगा। दूसरी ओर, वेस्टइंडीज 2025-27 डब्ल्यूटीसी चक्र में तीन टेस्ट हार चुकी है और बेहद खराब दौर से गुजर रही है। उसके तेज गेंदबाज शमार जोसेफ और अलजारी जोसेफ चोट के कारण बाहर हैं, जिससे गेंदबाजी की कमजोर हुई है। ऐसे में टीम में शामिल बाएं हाथ के दो स्पिनरों जोमेल वारिकन और तेज गेंदबाज जेडेन सील्स पर बड़ी जिम्मेदारी होगी।

वहीं इस सीरीज के लिए भारतीय टीम में कई बदलावों के साथ उतरेगी। अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, और युवा बल्लेबाज बी साई सुदर्शन टीम में शामिल रहेंगे। स्पिन की कमान अनुभवी रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव के पास रहेगी। इसके अलावा वॉशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल को भी अवसर मिल सकता है।




आंकडों पर नजर डालें तो साल 2002 के बाद से भारतीय टीम कोई मैच नहीं हारी है। इस दौरान हुई कुल 8 सीरीज हुई जो सभी भारतीय टीम ने जीतीं।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**भारत-** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, एन जगदीशन, देवदत्त पडिक्कल, बी साई सुदर्शन, रविंद्र जडेजा, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा

**वेस्टइंडीज-** रोस्टन चेस (कप्तान), केवलोन एंडरसन, एलिक अथानाजे, जॉन कैंपबेल, तेजनारायण चंद्रपॉल, शाई होप, टेविन इमलाच, ब्रेंडन किंग, जस्टिन ग्रीव्स, जोहान लेन, खारी पियरे, जोमेल वारिकन, जेडेन सील्स, एंडरसन फिलिप, जेडिया ब्लेड्स।

# जूनियर निशानेबाजी विश्व कप: अंतिम दिन मुकेश ने स्वर्ण और तेजस्विनी ने रजत जीता



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुकेश नेलावल्ली ने बुधवार को यहां ISSF जूनियर विश्व कप के अंतिम दिन पुरुषों की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि तेजस्विनी सिंह ने इसी स्पर्धा में महिला वर्ग में रजत पदक हासिल किया जिससे भारत पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। जूनियर विश्व चैंपियन मुकेश ने गैर ओलंपिक स्पर्धा में कुल 585 का स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता।

व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट (एआईएन) अलेक्सांद्र कोवालेव ने 577 अंक से रजत पदक जबकि साहिल चौधरी ने 573 अंक से भारत के लिए कांस्य पदक सुनिश्चित किया। भारत ओलंपिक स्पर्धाओं में छह स्वर्ण, आठ रजत और पांच कांस्य सहित 19 पदकों से तालिका में शीर्ष पर रहा। एआईएन निशानेबाज 10 पदकों (चार स्वर्ण, दो रजत, चार कांस्य) से दूसरे स्थान पर रहे जबकि इटली ने पांच पदकों (दो स्वर्ण, दो रजत, एक कांस्य) से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

भारत ने गैर ओलंपिक स्पर्धा 50 मीटर राइफल प्रोन (पुरुष और महिला) और 25 मीटर पिस्टल पुरुष जूनियर व्यक्तिगत में दो स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक जीते। इस साल के शुरू में जूनियर विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली तेजस्विनी ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में 30 अंक बनाकर रजत पदक जीता। तटस्थ एथलीट एलेक्जेंड्रा तिखोनोवा ने 33 अंक से स्वर्ण पदक जीता जबकि इटली की एलेसांद्रा फेट ने 28 अंक से तीसरा स्थान हासिल किया। अन्य भारतीयों में नाम्या कपूर चौथे और रिया शिरीष थट्टे पांचवें स्थान पर रहीं।

# अभिषेक शर्मा ने रचा इतिहास, एशिया कपमें रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के साथ सर्वकालिक सर्वोच्च रेटिंग पर पहुंचे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट में एक नया सितारा उभरकर सामने आया है। अभिषेक शर्मा, भारत के बाएँ हाथ के सलामी बल्लेबाज, ने बुधवार को टी20I बल्लेबाजी रैंकिंग में सर्वकालिक सर्वोच्च रेटिंग (931 अंक) हासिल कर इतिहास रच दिया। इस रिकॉर्ड ने पिछले पांच साल से कायम इंग्लैंड के डेविड मलान के 919 अंकों का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

### एशिया कप में धमाकेदार प्रदर्शन

एशिया कप 2025 में अभिषेक का प्रदर्शन यादगार रहा। श्रीलंका के खिलाफ अहम मैच में उन्होंने अर्धशतक बनाकर भारत को जीत दिलाई। इस टूर्नामेंट में उन्होंने कुल 314 रन बनाए और औसत 44.85 रही। इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट का पुरस्कार भी मिला।

टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव और अनुभवी खिलाड़ी विराट कोहली की पिछली सर्वोच्च रेटिंग को भी अभिषेक ने पीछे छोड़ दिया। इस समय वह इंग्लैंड के फिल साल्ट से 82 अंक आगे हैं और बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर कायम हैं। टीम साथी तिलक वर्मा ने भी 213 रन बनाए, लेकिन शीर्ष स्थान पर अभिषेक की पकड़ शानदार रही।

### युवा लेकिन अनुभवी अंदाज

हालांकि अभिषेक ने पिछले साल ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था, लेकिन उनका क्रिकेट बुद्धिमानी और साहस पहले ही मैचों में दिख गया। उनकी बैटिंग शैली में संयम, आक्रामकता और मैच के दबाव को संभालने की क्षमता साफ़ झलकती है।

### टी20 क्रिकेट में भारतीय भविष्य

अभिषेक शर्मा का यह रिकॉर्ड यह साबित करता है कि भारत की नई पीढ़ी के बल्लेबाज विश्व मंच पर अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं। उनका प्रदर्शन टीम इंडिया के लिए न केवल शानदार शुरुआत है, बल्कि टी20 क्रिकेट में भारतीय क्रिकेट की बढ़ती ताकत का भी प्रतीक है।

# दिल्ली रणजी टीम की चयन बैठक में हंगामा, बैठक स्थगित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मंगलवार शाम दिल्ली की रणजी ट्रॉफी और अंडर-23 टीमों के लिए हुई चयन बैठक बिना पूरा हुए हंगामे के बीच अचानक समाप्त हो गई, जिसमें DDCA के कोषाध्यक्ष हरीश सिंगला और निदेशक मंजीत सिंह व आनंद वर्मा ने इसकी प्रक्रिया का विरोध किया। इस बैठक में DDCA के सचिव अशोक शर्मा, संयुक्त सचिव अमित ग्रोवर, दिल्ली सीनियर चयन समिति के सदस्य यशपाल सिंह, केपी भास्कर और मनु नायर के साथ-साथ दिल्ली सीनियर टीम के मुख्य कोच शरनदीप सिंह और अंडर-13 मुख्य कोच शंकर सैनी मौजूद थे।

कोषाध्यक्ष और दोनों निदेशकों ने DDCA के लोकपाल द्वारा 2023 में दिए गए एक आदेश का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि चयन समिति की बैठक में DDCA से जुड़ा कोई भी अधिकारी नहीं शामिल हो सकता है। वहीं सचिव शर्मा का कहना है कि यह परंपरा है कि हर साल जब भी चयन समिति की बैठक होती है तो उसे सचिव ही बुलाता और संचालित करता है। बैठक स्थगित होने के बाद सचिव ने DDCA अध्यक्ष रोहन जेटली को एक पत्र भी लिखा है।

उन्होंने अपने ई-मेल पत्र में लिखा, 'हाल ही में हुई चयन प्रक्रिया ने DDCA चयन समिति के कामकाज को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा की हैं। स्थापित परंपराओं और बीसीसीआई के दिशानिर्देशों के विपरीत एपेक्स काउंसिल के सदस्यों ने अपनी भूमिका के दायरे से आगे बढ़कर कुछ ऐसा किया है, जिससे चयन समिति की स्वायत्तता और विश्वसनीयता कमज़ोर हुई है। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि चयन प्रक्रिया पर पुनर्विचार करें और यह सुनिश्चित करें कि यह BCCI द्वारा अपनाए गए नियमों और सर्वोत्तम प्रक्रियाओं का पालन करे।

हाल ही में हुई चयन समिति की बैठक में पिछली परंपराओं से हटकर काम हुआ। पहले सिर्फ़ सचिव और संयुक्त सचिव ही बैठक में उपस्थित रहते थे, लेकिन इस बार कुछ निदेशक भी बैठक में मौजूद थे। इससे पक्षपात और अनुचित प्रभाव की संभावना को लेकर चिंता बढ़ गई है। ख़ासतौर पर जब एक निदेशक की मौजूदगी इसलिए भी सवाल उठाती है क्योंकि उनके परिवार का एक सदस्य चयनित होने का उम्मीदवार है।'



वहीं निदेशक मंजीत ने इन आरोपों को ख़ारिज करते हुए कहा कि वे बैठक में सिर्फ़ इसलिए पहुंचे थे क्योंकि वे नहीं चाहते थे कि बैठक में चयन समिति और कोचों के अलावा कोई पदाधिकारी भी इसमें शामिल हो, क्योंकि यह DDCA के नियमों के विरूद्ध है। उन्होंने कहा, 'बीसीसीआई और अन्य राज्यों का नियम अलग हो सकता है और वहां की चयन समिति की बैठकों में सचिव भाग भी लेते होंगे या उसे बुलाते होंगे। लेकिन DDCA के लोकपाल ने 2023 के आदेश में यह स्पष्ट कहा है कि चयन समिति की बैठक में कोचों और चयन समिति के सदस्यों के अलावा कोई भी भागीदार नहीं हो सकता है। अगर ऐसा हो रहा है तो इसका अर्थ यह है कि वह चयन प्रक्रिया को प्रभावित कर रहा है या करना चाहता है।'

एक क्रिकेटर के चयन के लिए परिवारवाद का आरोप लगने पर मंजीत ने कहा, 'यह चयन बैठक रणजी संभावितों के चयन के लिए थी, ना कि मुख्य टीम के लिए। अगर मुख्य टीम के लिए यह चयन बैठक होती और मैं उसमें हस्तक्षेप करता, तब इन आरोपों में कोई दम नहीं होता। हम तो उस बैठक में सिर्फ़ इसलिए पहुंचे थे ताकि DDCA के नियमों के अनुसार उस बैठक में चयन समिति के सदस्यों और कोचों के अलावा कोई भी हिस्सा ना ले।'

वहीं लोकपाल के 2023 के आदेश के सवाल पर सचिव अशोक ने कहा, 'यह आदेश सिर्फ़ तत्कालीन सचिव सिद्धार्थ साहिब सिंह के लिए थे क्योंकि उन पर उस समय हितों के टकराव, भ्रष्टाचार, अधिकारों के दुरुपयोग और चयन प्रक्रिया में अनुचित प्रभाव डालने के आरोप लगाए गए थे। यह अन्य आगे आने वाले सचिवों पर लागू नहीं होता है।'

उन्होंने इस संबंध में एक और पत्र अध्यक्ष जेटली को लिखा है, जिसमें उन्होंने अपना स्पष्टीकरण देते हुए कहा है कि वह ना तो कोई क्रिकेट एकेडमी चलाते हैं और ना उससे जुड़े हुए हैं। इसके अलावा ना ही उनका DDCA या बीसीसीआई के नियमों से कोई अन्य हितों का टकराव है। उन पर कोई अन्य शिकायत भी नहीं है, इसलिए उन पर वह अंतरिम आदेश लागू भी नहीं होता। रणजी ट्रॉफी 15 अक्तूबर से शुरू हो रही है।

# चाइना ओपन : जैनिक सिनर का दबदबा कायम, दूसरी बार किया चाइना ओपन पर कब्जा



बीजिंग। इटली के जैनिक सिनर ने बुधवार को पुरुष एकल फाइनल में अमेरिकी युवा खिलाड़ी लर्नर टिएन को 6-2, 6-2 से हराकर दूसरी बार चाइना ओपन का खिताब अपने नाम किया। दुनिया के नंबर-2 और शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर ने सिर्फ 34 मिनट में पहला सेट जीत लिया और फिर दूसरे सेट में भी दबदबा बनाए रखा। 19 वर्षीय टिएन, जो अपने पहले एटीपी फाइनल में उतरे थे, शुरुआती चार गेम तक टक्कर देते रहे लेकिन सिनर ने पांचवें और सातवें गेम में उनकी सर्विस तोड़कर मैच पर कब्जा कर लिया। 24 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने 1 घंटे 12 मिनट में सीधी सेटों में जीत हासिल की। यह सिनर का लगातार तीसरा बीजिंग फाइनल था। 2023 में उन्होंने कार्लोस अल्काराज और दानिल मेदवेदेव को हराकर खिताब जीता था, जबकि पिछले साल वह उपविजेता रहे थे। दूसरी ओर, टिएन ने लोरेंजो मुसेट्टी और मेदवेदेव जैसे खिलाड़ियों को हराकर फाइनल तक का सफर तय किया और उभरते सितारे के रूप में अपनी पहचान बनाई।

# जिम्बाब्वे के बल्लेबाज ने हासिल की बड़ी उपलब्धि, सभी प्रारूपों में शतक लगाने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बने



हरारे (जिम्बाब्वे)। तंजानिया के खिलाफ अपने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक के साथ जिम्बाब्वे के बल्लेबाज ब्रायन बेनेट तीनों प्रारूपों में शतक लगाने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बन गए। दाएं हाथ के इस 21 वर्षीय बल्लेबाज ने हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेलते हुए यह उपलब्धि हासिल की, जहां उनकी टीम ने अपने प्रतिद्वंद्वी तंजानिया पर 113 रनों से जीत दर्ज की। दोनों टीमों के बीच हुए मैच की बात करें तो तंजानिया के कप्तान कासिम नासाओरो ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जिम्बाब्वे ने 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 221 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिम्बाब्वे के लिए इस पारी में रन बनाने वाले खिलाड़ी बेनेट (60 गेंदों पर 111 रन), तदिवानाशे मारुमानी (34 गेंदों पर 49 रन), रयान बर्ल (11 गेंदों पर 22 रन) और सिकंदर रज़ा (नौ गेंदों पर 19 रन) थे। तंजानिया के लिए खालिद जुमा (4 ओवर में 2/39), एली किमोटे (4 ओवर में 2/42) और लक्ष्य बक्रानिया (2 ओवर में 1/35) ने अपने-अपने गेंदबाजी स्पेल में विकेट लिए। 222 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए तंजानिया क्रिकेट टीम मैच में 18.4 ओवर बल्लेबाजी करते हुए केवल 108 रनों पर ढेर हो गई। दूसरी पारी में टीम के लिए रन बनाने वाले खिलाड़ी अभिक पटवा (22 गेंदों पर 32 रन), कासिम नासोरो (27 गेंदों पर 25 रन) और शिवराज सेल्वाराज (18 गेंदों पर 20 रन) थे। जिम्बाब्वे की ओर से, गेंदबाजों में ब्रैड इवांस (4 ओवर में 4/16), रिचर्ड नगारवा (3 ओवर में 2/13), सिकंदर रज़ा (20 ओवर में 2/6), टिनोटेंडा मापोसा (3 ओवर में 1/17) और रयान बर्ल (2.4 ओवर में 1/24) शामिल थे।

# मिचेल मार्श की विस्फोटक बल्लेबाजी, पहले टी20 में ऑस्ट्रेलिया की न्यूजीलैंड पर शानदार जीत

**माउंट मॉन्गानुई (न्यूजीलैंड) (एजेंसी)।** कप्तान मिचेल मार्श (85) की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को पहले टी-20 मुकाबले में 21 गेंदें शेष रहते न्यूजीलैंड को 6 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं।

मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया ने 182 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मिचेल मार्श और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 67 रन जोड़े। छठे ओवर में मैट हेनरी ने ट्रैविस हेड (18 गेंदों में 31 रन) को आउटकर न्यूजीलैंड को पहली सफ्लता दिलाई।

ऑस्ट्रेलिया का दूसरा विकेट 12वें ओवर की पहली गेंद पर मैथ्यू शॉर्ट (18 गेंदों में 29 रन) के रूप में गिरा। उन्हें काइल जेमीसन ने पगबाधा आउट किया। 15वें ओवर में मैट हेनरी ने शतक की ओर बढ़ रहे मिचेल मार्श को टिम रॉबिंसन के हाथों कैच आउट करा दिया।



मिचेल मार्श ने 43 गेंदों में पांच छक्के और नौ चौके लगाते हुए 85 रनों की पारी खेली। एलेक्स कैरी सात रन बनाकर आउट हुये। उन्हें जैकरी फॉक्स ने आउट किया।

ऑस्ट्रेलिया ने 16.2 ओवर में चार विकेट पर 185 रन बनाकर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया। इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने टिम रॉबिंसन (नाबाद 106) रनों की आतिशी शतकीय पारी की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 181 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर खड़ा किया।

पारी की शुरुआत में न्यूजीलैंड की टीम एक समय छह रन पर तीन विकेट गंवाकर संकट में आई थी। बेन ड्वारश्विस ने डेवन कॉन्वे (एक) और मार्च चैपमैन (शून्य) के विकेट झटके। जॉश हेजलवुड ने टिम सीफर्ट (चार) को आउट किया। ऐसे संकट के समय डैरिल मिचेल ने टिम रॉबिंसन के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 92 रन जोड़े। 11वें ओवर में मैथ्यू शॉर्ट ने डैरिल मिचेल को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। मिचेल ने 23 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 34 रनों की पारी खेली। बेवन जैकब्स (20) और कप्तान माइकल ब्रेसवेल (सात) रन आउट हुए। टिम रॉबिंसन ने 66 गेंदों में पांच छक्के और छह चौके लगाते हुए नाबाद 106 रन बनाए।

# शाहिद अफरीदी की मोहसिन नकवी को सलाह, पीसीबी या पाकिस्तान मंत्रालय छोड़ें

स्पोर्ट्स डेस्क। एशिया कप ट्रॉफी लेकर चले जाने और उसे विजेता टीम भारत को नहीं देने देने के बाद विवादों में घिरे मोहसिन नकवी को एक पद चुनने को कहा गया है। ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी ने मोहसिन नकवी से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) का अध्यक्ष या गृह मंत्री में से किसी एक पद को छोड़ने के लिए कहा है। उनका कहना है कि नकवी दोनों मोर्चों पर ठीक से काम नहीं कर पा रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार रविवार को एशिया कप में हुई गड़बड़ी के बाद, ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी ने मोहसिन नक़वी से यह मांग की है। उनकी मुश्किलें और भी बढ़ गईं, क्योंकि नकवी एशियाई क्रिकेट परिषद (ACC) के अध्यक्ष भी हैं, जिन्होंने भारत के जय शाह के ICC में जाने के बाद यह पद संभाला है। पाकिस्तान एशिया कप में उपविजेता रहा, लेकिन एशिया कप में भारत के हाथों तीन बार मिली हार के कारण आलोचकों ने टीम की खराब बल्लेबाजी और PCB की दूरदर्शिता की कमी की आलोचना की है। टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट की मंगलवार की एक रिपोर्ट के अनुसार, नकवी अब बोर्ड के संचालन को लेकर जांच का सामना कर रहे हैं। एक सवाल के जवाब में अफरीदी ने कहा, 'नकवी साहब से मेरा अनुरोध या सलाह यह है कि आपके पास दो बहुत महत्वपूर्ण पद हैं और ये बड़े काम हैं और इन्हें पूरा करने में समय लगता है। PCB गृह मंत्रालय से बिल्कुल अलग है, इसलिए इसे अलग रखा जाना चाहिए।' रिपोर्ट के अनुसार, 'अफरीदी ने कहा कि इस पर जल्द ही फैसला होना चाहिए। अफरीदी ने कहा, 'यह एक बड़ा फैसला होगा और इसे जल्द से जल्द लिया जाना चाहिए। पाकिस्तान क्रिकेट को विशेष ध्यान और समय की आवश्यकता है।' अफरीदी ने कहा कि नकवी के सलाहकार विश्वसनीय नहीं हैं। नकवी पूरी तरह सलाहकारों पर निर्भर नहीं रह सकते। ये सलाहकार उन्हें कहीं नहीं ले जा रहे हैं, और वह खुद कहते हैं कि उन्हें क्रिकेट के बारे में ज़्यादा जानकारी नहीं है। अफरीदी ने कहा कि नकवी को अच्छे सलाहकारों की जरूरत है जो खेल के बारे में जानते हों। अफरीदी ने कहा, 'उन्हें (नकवी को) अच्छे और सक्षम सलाहकार नियुक्त करने चाहिए जो खेल के बारे में जानते हों।'

# कैथरीन डेब्रनर ने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की



नई दिल्ली (ऑस्ट्रेलिया)। विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की 5000 मीटर टी54 और 800 मीटर टी53 स्पर्धाओं में पहले ही स्वर्ण पदक जीत चुकीं कैथरीन डेब्रनर ने बुधवार सुबह 3:16.81 मिनट के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ 1500 मीटर टी54 का खिताब भी अपने नाम किया। इसी के साथ वह इस चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली एथलीट बनीं। गत चैंपियन झोउ झाओकियान (चीन) 800 मीटर के बाद दूसरी बार दूसरे स्थान पर खिसक गईं। चीनी खिलाड़ी अगले कुछ दिनों में 100 मीटर और 400 मीटर स्प्रिंट में डेब्रनर को मात देने की उम्मीद कर रही होंगी, लेकिन डेब्रनर के पास पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों में चार स्वर्ण पदक जीतने का अनुभव है और वह इस बार भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी। पुरुषों की शॉट पुट एफ36 स्पर्धा में व्लादिमीर स्विरिडोव (न्यूट्रल पैरा एथलीट) ने अपने अंतिम प्रयास में 17.01 मीटर का शानदार थ्रो फेंककर स्वर्ण पदक जीता। पिछली बार सकर्ल में प्रवेश करने पर, रूस में जन्मे इस एथलीट ने 16.93 मीटर का थ्रो फेंककर गत चैंपियन यासीन गुएनिची (ट्यूनीशिया) से बढ़त हासिल की थी, लेकिन आखिरी प्रयास में गुएनिची उनसे आगे निकल गए। गुएनिची पहले दो राउंड के बाद 16.57 मीटर और 16.74 मीटर के थ्रो के साथ आठ एथलीटों के समूह में सबसे आगे थे, लेकिन पाँचवें राउंड में स्विरिडोव के आगे निकलने के बाद, ट्यूनीशियाई एथलीट ने अपने छठे प्रयास में 16.93 मीटर का थ्रो फेंककर काउंटबैक में बढ़त बना ली और रूस में जन्मे दो बार के पैरालंपिक खेलों के चैंपियन पर अपनी पहली जीत दर्ज की। आखिरकार, लोहे की गेंद को उठाने के लिए लंबे इंतज़ार के बाद, 35 वर्षीय स्विरिडोव ने उसे काफी दूर तक फेंका। उन्होंने साँस रोककर – और अपने हाथों को सिर के पीछे बाँधकर – माप आने का इंतज़ार किया। जब यह घोषणा की गई कि उन्होंने 17.01 मीटर की दूरी तय कर ली है, तो उन्होंने राहत की सांस ली। ट्यूनीशियाई खिलाड़ी ने आगे बढ़कर स्विरिडोव को गले लगाया और उनकी सराहना की। 2023 और 2024 में स्विरिडोव की अनुपस्थिति में विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले गुएनिची, रूसी मूल के इस एथलीट की वैश्विक प्रतियोगिताओं में पकड़ ढीली करना चाहते थे। उन्हें 2019 विश्व चैंपियनशिप के साथ-साथ टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों में भी हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन उन्होंने स्विरिडोव के अदम्य साहस की सराहना करने में सहजता दिखाई।

# एशिया कप ट्रॉफी विवाद: नकवी का नया बयान आया सामने, मैंने बीसीसीआई से कभी माफी नहीं मांगी और ना ही कभी मांगूंगा

**स्पोर्ट्स डेस्क।** एशिया कप 2025 के फाइनल में भारत की जीत के बाद ट्रॉफी न मिलने का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। अब एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी ने एक नया बयान देकर इस विवाद को और हवा दे दी है जिसमें उन्होंने कहा कि मैंने BCCI से कभी माफी नहीं मांगी और ना ही कभी मांगूंगा।

### ट्रॉफी लेने का स्वागत है

नकवी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, 'एसीसी अध्यक्ष के तौर पर मैं उसी दिन ट्रॉफी सौंपने को तैयार था और अब भी तैयार हूं। अगर भारतीय टीम सच में इसे चाहती है तो दुबई स्थित एसीसी कार्यालय आने के लिए उनका स्वागत है और वे इसे मुझसे ले सकते हैं।' उनका यह बयान साफ़ करता है कि एसीसी और बीसीसीआई के बीच खींचतान अभी ख़त्म नहीं हुई है।

### माफी नहीं मांगी और ना ही मांगूंगा

मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि नकवी ने एसीसी की वार्षिक आम बैठक (AGM) में भारतीय अधिकारियों से माफी मांगी थी। नकवी ने इन खबरों को ग़लत और भ्रामक बताते हुए कहा, 'मैंने कुछ गलत नहीं किया और मैंने बीसीसीआई से कभी माफी नहीं मांगी और ना ही कभी मांगूंगा।'

### बीसीसीआई की कड़ी आपत्ति

बीसीसीआई की ओर से राजीव शुक्ला और आशीष शेलार ने AGM में हिस्सा लिया था। दोनों ने भारतीय टीम को ट्रॉफी न देने के मामले में कड़ी आपत्ति जताई। AGM में नकवी ने कहा कि वह ट्रॉफी देने के लिए तैयार हैं, लेकिन इस मुद्दे पर कोई औपचारिक निर्णय नहीं हुआ। इससे भारतीय बोर्ड और नाराज हो गया। सूत्रों के अनुसार, बीसीसीआई अब इस मामले को आईसीसी की बैठक (नवंबर 2025) में उठाएगा।

### फाइनल और बढ़ती तनातनी

भारत ने फाइनल सहित पाकिस्तान को टूर्नामेंट में खेले गए सभी तीन मैचों में हराया। मैचों के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से भी परहेज किया। इस रवैये से पीसीबी खासा नाराज़ हुआ।

### राजनीतिक पृष्ठभूमि भी हावी

यह विवाद सिर्फ क्रिकेट तक सीमित नहीं रहा। हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले में 26 भारतीय पर्यटकों की हत्या ने दोनों देशों के बीच तनाव को और बढ़ा दिया। इसके जवाब में भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सीमा पार आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई शुरू की।



स्पष्ट है कि एशिया कप ट्रॉफी विवाद खेल भावना से कहीं ज़्यादा राजनीति और द्विपक्षीय रिश्तों से जुड़ा हुआ है। अब सबकी नजरें इस बात पर होंगी कि आईसीसी की बैठक में इस मुद्दे पर क्या रुख अपनाया जाता है।

# अर्जुन प्रसाद ने दूसरे राउंड के बाद बढ़त हासिल की

कोयंबटूर। दिल्ली के अर्जुन प्रसाद ने कोयंबटूर गोल्फ क्लब में खेले जा रहे 1 करोड़ रुपए के तमिलनाडु ओपन 2025 प्रेजेंटेड बाय सिपकोट एंड टैनसेम में लगातार दो अंडर 70 का स्कोर बनाकर हाफ-वे लीड हासिल कर ली। अर्जुन (70-70), जो कल तीसरे स्थान पर थे और लीड से एक शॉट पीछे थे, दूसरे राउंड के बाद एक शॉट से आगे हो गए और उनका कुल स्कोर चार अंडर 140 रहा। बंगलादेश के जमाल हुसैन (69-72), जो कल संयुक्त रूप से आगे चल रहे थे, बुधवार को इवन-पार 72 के अपने राउंड के परिणामस्वरूप तीन अंडर 141 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गए। स्कोरिंग के लिए एक और मुश्किल दिन, जहां तेज हवाओं ने कहर बरपाया, पुणे के प्रणव मार्डीकर ने 69 का न्यूनतम स्कोर बनाया और 11 स्थान ऊपर चढ़कर अहमदाबाद के अंशुल पटेल (71) के साथ दो अंडर 142 के स्कोर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गए। दिल्ली के अंशुल कब्थियाल ने भी दिन के न्यूनतम स्कोर 69 की बराबरी की और एक अंडर 143 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहे। जमाल के साथ रात भर संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहे गौरव प्रताप सिंह ने बुधवार को 79 का स्कोर बनाया और चार ओवर 148 के स्कोर के साथ संयुक्त 20वें स्थान पर खिसक गए।

# नई काइलक ने बिक्री में बड़ी उपलब्धि हासिल की

**नईदिल्ली ।**

कार निर्माता कंपनी स्कोडा की नई काइलक ने बिक्री में बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है।

इस कार ने अपने सभी मॉडल को पीछे छोड़ते हुए बिक्री के मामले में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। साल 2024 के अंत में लॉन्च होने के बाद से काइलक की 30,000 यूनिट बेची गईं, जबकि जनवरी 2025 से अगस्त 2025 के बीच कुल 46,000 कारों की बिक्री दर्ज की गई। इस दौरान काइलक का मार्केट शेयर 65 प्रतिशत रहा। जीएसटी 2.0 के लागू होने के बाद काइलक 1,19,295 रुपए सस्ती हो गई और इसकी कीमत घटकर 7,54,651 रुपए रह गई। काइलक को स्कोडा के लिए बिक्री बढ़ाने वाला वाहन माना जा रहा है। यह 10 लाख रुपए से कम कीमत वाले सेगमेंट में कंपनी की वापसी का प्रतीक भी है। पिछले दशक में फेबिया के बंद होने के बाद स्कोडा की उपस्थिति इस सेगमेंट में नहीं थी। स्कोडा काइलक के लिए सीएनजी ऑपरेटेड मॉडल पर भी विचार कर रही है और टियर-2 तथा टियर-3 शहरों में इसके विस्तार की संभावनाएं देख रही है। काइलक के विभिन्न ट्रिम विकल्प ग्राहकों की जरूरतों के हिसाब से पेश किए गए हैं। क्लासिक ट्रिम में 16-इंच स्टील व्हील, 6 एयरबैग, ट्रैक्शन कंट्रोल और मैनुअल एसी जैसी सुविधाएं मिलती हैं। सिग्नेचर ट्रिम में एलॉय व्हील, 5-इंच टचस्क्रीन और यूएसबी टाइप-सी स्लॉट शामिल हैं। सिग्नेचर+ और प्रेस्टीज ट्रिम में



10-इंच टचस्क्रीन, ऑटो एसी, पावर सनरूफ, वेंटिलेटिड सीटें और लेदर अपहोल्स्ट्री जैसी प्रीमियम सुविधाएं दी गई हैं। 7.89 लाख रुपए की शुरुआती कीमत पर लॉन्च हुई इस कार का मुकाबला मारुति ब्रेजा, टाटा नेक्सन, हुंडई वेन्यू, महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सह्न और किआ सोनेट जैसी कारों से है।

## नए रंग और डिज़ाइन के साथ सुज़ुकी वी-स्ट्रॉम एसएक्स लांच

**नई दिल्ली ।**



अपनी लोकप्रिय एडवेंचर टूरर बाइक वी-स्ट्रॉम एसएक्स को सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया ने नए रंग और डिज़ाइन के साथ लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने इस मौके पर दिल्ली से लद्दाख तक अपनी पहली ग्राहक यात्रा, वी-स्ट्रॉम एक्सपेडिशन, की शुरुआत की है, जो 26 सितंबर से 5 अक्टूबर 2025 तक चलेगी। यात्रा के दौरान विशेषज्ञ उच्च-उंचाई पर राइडिंग, बाधा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा और एडवेंचर फोटोग्राफी पर प्रशिक्षण सत्र देंगे। यह 10 दिवसीय एडवेंचर राइडिंग यात्रा बाइक की क्षमता को चुनौती देने के साथ-साथ राइडर्स को ऊंचे पहाड़ी दर्रों, घुमावदार रास्तों और कठिन भूभागों से गुजरने का रोमांच देगी।

शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए राइडर्स की सहभागिता और एडवेंचर भावना को बढ़ावा दिया जाएगा। सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया के उपाध्यक्ष (सेल्स और मार्केटिंग) दीपक मुतरेजा ने कहा कि वी-स्ट्रॉम एसएक्स का नया रूप ग्राहकों को अधिक विकल्प देता है और बाइक की भरोसेमंद परफॉर्मेंस बरकरार रहती है। उन्होंने कहा कि यह पहलावी-स्ट्रॉम एक्सपीडिशन एडवेंचर राइडिंग समुदाय को सशक्त करेगा और भविष्य में और भी अनुभव प्रदान करने का प्रयास रहेगा। डिज़ाइन में डीआर-झेड डेजर्ट रेसर और डीआर-बीआईजी से प्रेरणा मिलती है, जो बाइक के एडवेंचर स्टाइल और बीक डिज़ाइन को दर्शाता है।

नई वी-स्ट्रॉम एसएक्स की कीमत रुपए 1,98,018 (एक्स-शोरूम, दिल्ली) तय की गई है और यह देशभर के सुजुकी डीलरशिप पर उपलब्ध है। कंपनी ने लॉन्च पर ग्राहकों को एक्सचेंज ऑफर, बढ़ी हुई वारंटी, इंश्योरेंस लाभ और 100 प्रतिशत लोन जैसी सुविधाएं भी प्रदान की हैं। वी-स्ट्रॉम एसएक्स 249 सीसी के सिंगल सिलेंडर, 4-स्ट्रोक, ऑयल-कूल्ड एसओएचसी इंजन से लैस है, जो 9,300 आरपीएम पर 26.5 बीएचपी और 7,300 आरपीएम पर 22.2 एनएम टॉर्क देता है। इसमें सुजुकी ईको परफॉर्मेंस टेक्नोलॉजी और सुजुकी ऑयल कूलिंग सिस्टम का उपयोग किया गया है।

## कैबिनेट ने कलियाबोर-नुमालीगढ़ सेक्शन को 4-लेन में बदलने के लिए 6,957 करोड़ रुपए की योजना को दी मंजूरी



**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने बुधवार को असम में एनएच-715 के कलियाबोर-नुमालीगढ़ सेक्शन के मौजूदा सड़क मार्ग को चार लेन में चौड़ा करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसमें काजीरंगा नेशनल पार्क (केएनपी) क्षेत्र में वन्यजीवों के अनुकूल उपायों को लागू करना भी शामिल है।

कैबिनेट के बयान के अनुसार, 85.675 किलोमीटर लंबी इस परियोजना को 6,957 करोड़ रुपए की लागत से इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड में डेवलप किया जाएगा। इस परियोजना से लगभग 15.42 लाख व्यक्ति/प्रतिदिन का प्रत्यक्ष और 19.19 लाखव्यक्ति/प्रतिदिन का अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होगा। साथ ही, इससे आस-पास के क्षेत्रों में विकास और समृद्धि के नए अवसर खुलेंगे।

एनएच-715 का मौजूदा कलियाबोर-नुमालीगढ़ सेक्शन दो लेन का है, जिसमें कुछ जगहों पर पक्के किनारे हैं। यह जाखलाबंधा (नागांव) और बोकाखात (गोलगाट) शहरों के घने बसे इलाकों से होकर गुजरता है।

मौजूदा राजमार्ग का एक बड़ा हिस्सा काजीरंगा नेशनल पार्क से या पार्क की दक्षिणी सीमा के साथ-साथ गुजरता है, जिसका रिस्ट्रिक्टेड राइट-ऑफ-वे 16 से 32 मीटर का है, जो खराब सड़क की स्थिति के कारण और बेकार हो जाता है।

मानसून के दौरान पार्क के अंदर का क्षेत्र बाढ़ में डूब जाता है, जिससे वन्यजीव मौजूदा राजमार्ग को पार कर कार्बी-आंगलोंग पहाड़ियों की ओर जाते हैं। राजमार्ग पर दिन-रात भारी यातायात के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं और जंगली जानवरों की मौत हो जाती है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए इस परियोजना में वन्यजीवों के आवागमन के लिए काजीरंगा नेशनल पार्क से कार्बी-अंगलोंग पहाड़ियों तक लगभग 34.5 किलोमीटर का एक ऊंचा मार्ग बनाया जाएगा।

## केंद्रीय कर्मचारियों को सरकार ने दिया दिवाली का तोहफा, 3 प्रतिशत बढ़ा डीए

**नई दिल्ली।**

नए महीने की शुरुआत के साथ ही फेस्टिव सीजन में केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों और पेंशनधारकों को दिवाली का तोहफा दे दिया है। कैबिनेट की बैठक में लिए फैसले के तहत केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनधारकों के लिए महंगाई भत्ता बढ़ा दिया गया है। महंगाई भत्ते को लेकर 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की गई है, जिसके बाद महंगाई भत्ता कर्मचारियों की बेसिक सैलरी का 58 प्रतिशत हो गया है। केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनधारकों के लिए यह बढ़ा हुए डीए इस वर्ष के 1 जुलाई से प्रभावी होगा। केंद्र सरकार के इस फैसले से करीब 48 लाख कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनभोगियों को लाभ मिलेगा। अमूमन सरकार की ओर से महंगाई भत्ते को लेकर बढ़ोतरी का एलान फेस्टिव सीजन के दौरान ही होता है। केंद्र की ओर से सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को महंगाई से राहत देने के लिए महंगाई भत्ता और महंगाई राहत दी जाती है। केंद्रीय कैबिनेट की ओर से इससे पहले इस वर्ष की शुरुआत 1 जनवरी 2025 को महंगाई भत्ते और महंगाई राहत (डीआर) में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी। इस बढ़ोतरी का करीब 1.15 करोड़ केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगी को फायदा मिला था। सरकार द्वारा इस बढ़ोतरी के बाद महंगाई भत्ता बैसिक सैलरी के 55 प्रतिशत हो गया था। यह बढ़ोतरी 7वें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर तय फॉर्मूले के तहत की गई थी। डीए 58 प्रतिशत होने के बाद केंद्रीय कर्मचारियों को भत्ते के तौर पर कितने रुपए मिलेंगे इसे एक उदाहरण से समझा जा सकता है। मान लीजिए किसी कर्मचारी की बेसिक सैलरी 50 हजार रुपए है तो उन्हें महंगाई भत्ते के रूप में अभी तक 27,500 रुपए मिलते होंगे।

# रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में नहीं किया कोई बदलाव, 5.5 फीसदी पर बरकरार

### - उपभोक्ताओं को और सस्ते कर्ज के लिए अभी आगे इंतजार करना होगा

**नई दिल्ली ।**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है और इसे 5.5 फीसदी पर बरकरार रखा है। तीन दिन तक चली मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) की बैठक के बाद आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने यह जानकारी दी। पिछली एमपीसी बैठक में भी ब्याज दरों को यथावत रखा गया था। एमपीसी ने मौद्रिक नीति के स्टॉस को भी 'तटस्थ' बनाए रखने का फैसला किया। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि जीएसटी तर्कसंगतीकरण का महंगाई पर संयमित असर रहेगा और यह खपत और विकास को बढ़ावा देगा। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि कुल मिलाकर महंगाई का परिदृश्य अधिक अनुकूल हो गया है और खाद्य पदार्थों की कीमतों में तेजी से गिरावट आई है. इस वजह से ही केंद्रीय बैंक ने इस वर्ष के लिए औसत हेडलाइन महंगाई दर अनुमान को 3.1 फीसदी से घटाकर 2.6 फीसदी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पहले से लागू की गई नीतिगत कार्रवाईयों के प्रभाव दिखाई देने लगे हैं। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6.5 फीसदी से बढ़ाकर 6.8 फीसदी कर दिया है। भारतीय रिज़र्व बैंक ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक में महंगाई के नए अनुमान जारी किए हैं। ताजा अनुमान के अनुसार, पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में औसत खुदरा महंगाई दर घटकर 2.6 फीसदी रहने का अनुमान है, जबकि पहले इसे 3.1 फीसदी आंका गया था। आरबीआई का कहना है कि हाल के महीनों में खाद्य पदार्थों की कीमतों में आई तेज गिरावट ने महंगाई को काबू में करने में बड़ी भूमिका निभाई है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की सितंबर बिक्री में 16 प्रतिशत का शानदार उछाल, जीएसटी रेट कट का दिखा प्रभाव

**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि सितंबर में कंपनी की बिक्री में उछाल दर्ज किया गया है। कंपनी ने कुल 31,091 यूनिट की बिक्री की, जो कि पिछले वर्ष के इसी महीने की 26,847 यूनिट की तुलना में 16 प्रतिशत की वृद्धि है। कार निर्माता कंपनी ने कहा कि इनमें से 27,089 यूनिट घरेलू बाजार में और 4,002 यूनिट को निर्यात किया गया। चालू वित्त वर्ष के पहले 6 महीनों में कंपनी की कुल बिक्री 1,84,959 यूनिट रही, जो वित्त वर्ष 2024 की समान अवधि में 1,62,623 यूनिट की तुलना में 14 प्रतिशत की वृद्धि है। टीकेएम में सेल्स, सर्विस और यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट वरिंदर वाधवा ने कंपनी के प्रदर्शन को लेकर कहा कि जीएसटी सुधार और फेस्टिव सीजन ने ग्राहकों का भरोसा बढ़ाने में मदद की। वाधवा ने कहा, जीएसटी सुधार और फेस्टिव सीजन की वजह से मार्केट सेंटीमेंट बेहतर बना हुआ है। उन्होंने कहा, हमने जीएसटी के फायदों को ग्राहकों को दिया है, जिसने हमारे पोर्टफोलियो में मांग को बढ़ावा दिया है।


## 2025 की पहली छमाही में रिटेल लीजिंग का 60 प्रतिशत हिस्सा फैशन और अपैरल ब्रांड के रहा नाम - रिपोर्ट



नई दिल्ली। इस वर्ष की पहली छमाही में डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर (डीटूसी) ब्रांड्स द्वारा रिटेल लीजिंग में फैशन और अपैरल ब्रांड्स की लगभग 60 प्रतिशत हिस्सेदारी दर्ज की गई है। यह जानकारी बुधवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। इसके बाद 12 प्रतिशत के साथ होमवेयर और फर्निशिंग, 12 प्रतिशत के साथ ज्वेलरी और 6 प्रतिशत के साथ हेल्थ और पर्सनल केयर की हिस्सेदारी रही। 2020 और 2022 के बीच कई डिजिटल-फर्स्ट ब्रांड्स ने बढ़त दर्ज की, जो मुख्य रूप से कोरोना के दौरान ऑनलाइन शॉपिंग में बढ़ोतरी के कारण थी। वे अब ओमनीचैनल हो रहे हैं। सीबीआरई की लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार,इन न्यू-एज ब्रांड द्वारा रिटेल लीजिंग का हिस्सा 2024 की पहली छमाही में 8 प्रतिशत था, जो कि इस वर्ष की पहली छमाही में बढ़कर 18 प्रतिशत हो गया है। यह बढ़त न्यू-एज ब्रांड्स के पॉप-अप, फ्लैगशिप आउटलेट्स और फ्रैंचाइज स्टोर का अधिक इस्तेमाल करने के साथ देखा गया है। सीबीआरई के इंडिया, साउथ-ईस्ट एशिया, मिडल ईस्ट अफ्रिका के चेयरमैन और सीईओ अंशुमन मैगजीन ने कहा, ऑनलाइन शॉपिंग बढ़ने के बावजूद भी फिजिकल खरीदारी लेनदेन का अधिकांश हिस्सा है, जिससे ओमनीचैनल ग्रोथ महत्वपूर्ण हो जाती है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि पहले केवल मॉल की तुलना में, डीटूसी ब्रांड अपने आउटलेट्स के लोकेशन को भी डावर्सिफाई कर रहे हैं। 2025 की पहली छमाही में इन ब्रांड का कुल लीजिंग का 46 प्रतिशत हिस्सा हाई स्ट्रीट पर था। रिपोर्ट में कहा गया, इसके बाद मॉल में 40 प्रतिशत और स्टैंडअलोन आउटलेट्स में 14 प्रतिशत हिस्सा था। जनवरी से जून के बीच सभी प्रमुख शहरों में दिल्ली-एनसीआर में रिटेल लीजिंग का सबसे अधिक 26 प्रतिशत हिस्सा था। इसके बाद बेंगलुरु में 22 प्रतिशत और हैदराबाद में 18 प्रतिशत था। सीबीआरई इंडिया के लीजिंग सर्विसेज मैनेजिंग डायरेक्टर राम चंदनानी ने कहा कि ऑफलाइन मौजूदगी ब्रांड को पारंपरिक ग्राहकों तक पहुंचने और निचले स्तर के शहरों में अपनी पहुंच बढ़ाने में मदद करती है।

## 1 अक्टूबर से महंगा हुआ कमर्शियल गैस सिलेंडर और एटीएफ

**नई दिल्ली ।** तेल विपणन कंपनियों ने 1 अक्टूबर से कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर और एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में बढ़ोतरी की है। हालांकि, घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दामों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जिससे आम उपभोक्ताओं को राहत मिली है। नई दरों के अनुसार दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब 1,595.50 रुपए हो गई है, जो पहले 1,580 रुपए थी। यानी 15.50 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। अन्य महानगरों में भी दाम बढ़े हैं। कोलकाता में यह 1,700.50, मुंबई में 1,547 और चेन्नई में 1,754.50 रुपए हो गया है। वहीं एविएशन टरबाइन फ्यूल की कीमतों में भी तेज उछाल देखा गया है। दिल्ली में अब एटीएफ 93,766.02 रुपए प्रति किलोलीटर मिल रहा है, जबकि पहले यह 90,713.52 रुपए था। कोलकाता में यह 96,816.58, मुंबई में 87,714.39 और चेन्नई में 97,302.14 रुपए प्रति किलोलीटर हो गया है। तेल कंपनियां हर महीने अंतरराष्ट्रीय बाजार और कच्चे तेल की कीमतों के आधार पर ईंधन की दरों की समीक्षा करती हैं। इस बार की समीक्षा में जहां कमर्शियल उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ा है, वहीं घरेलू उपयोगकर्ताओं को राहत दी गई है, जिससे त्योहारों के मौसम में महंगाई का असर सीमित रहेगा।



# आरबीआई एमपीसी का असर, शेयर बाजार लगातार आठ दिनों की गिरावट के बाद हरे निशान में बंद

**मुंबई।**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में बड़ी तेजी के साथ बंद हुआ। आरबीआई एमपीसी के फैसलों के ऐलान के बाद सभी सूचकांकों में खरीदारी देखी गई।

कारोबार के अंत में सेंसेक्स 715.69 अंक या 0.89 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,983.31 और निफ्टी 225.20 अंक या 0.92 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,836.30 पर बंद हुआ।

बैंकिंग शेयरों ने बाजार का नेतृत्व किया। निफ्टी बैंक 712.10 अंक या 1.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 55,347.95 पर बंद हुआ। निफ्टी फाइनेंशियल सर्विस (1.38 प्रतिशत), निफ्टी फार्मा (1.30 प्रतिशत), निफ्टी एफएमसीजी (0.72 प्रतिशत), निफ्टी ऑटो (0.85 प्रतिशत), निफ्टी आईटी (0.74 प्रतिशत) और निफ्टी मेटल (0.55 प्रतिशत) की तेजी के साथ बंद हुआ। केवल निफ्टी पीएसयू बैंक (0.37 प्रतिशत) की गिरावट के साथ बंद हुआ।



सेंसेक्स पैक में टाटा मोटर्स, कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट, सन फार्मा, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एमएंडएम, टेक महिंद्रा, इटरनल (जोमैटो), टाइटन, एचयूएल और बीईएल टॉप गेनर्स थे। बजाज फाइनेंस, एसबीआई, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल और मारुति सुजुकी टॉप लूजर्स थे। एसबीआई सिक्योरिटीज की ओर से कहा गया कि आरबीआई ने अक्टूबर की मौद्रिक नीति में ब्याज को स्थिर रखा है, लेकिन दिसंबर की पॉलिसी में ब्याज दरों में कटौती की संभावना ने सेंटीमेंट को बूस्ट किया है। इस कारण से निजी क्षेत्र के बैंकों में मजबूत खरीदारी देखने को मिली। हालांकि, पीएसयू बैंकिंग शेयर में मुनाफावसूली हुई।

केंद्रीय बैंक ने रेपो रेटो को 5.50 प्रतिशत पर स्थिर रखा है। साथ ही, मौद्रिक नीति के रुख को न्यूट्रल रखा है।

रेपो रेट के अलावा, केंद्रीय बैंक ने स्टैंडिग डिपॉजिट फैसिलिटी (एसडीएफ) 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा है, जबकि मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (एमएसएफ) को 5.75 प्रतिशत पर स्थिर रखा है।

भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत तेजी के साथ हुई थी। सुबह 9ः23 पर सेंसेक्स 51 अंक या 0.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,319 और निफ्टी 23 अंक या 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,635 पर था।

## भारत में तेजी से बढ़ रही अरबपतियों की संख्या, 2025 में हर हफ्ते मिला नया बिलेनियर - हुरुन रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत में अरबपति लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और इस साल अब तक हर हफ्ते एक नया बिलेनियर देश को मिला है। यह जानकारी बुधवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। एम3एम हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2025 के मुताबिक, भारत में अब 350 अरबपति हैं, जो 13 साल पहले जब यह सूची पहली बार जारी की गई थी, तब की तुलना में छह गुना अधिक है। हुरुन लिस्ट के 14वें संस्करण में 1,687 ऐसे कारोबारियों के नाम शामिल हैं जिनकी संपत्ति 1,000 करोड़ रुपए से अधिक है। इस लिस्ट में 284 नए लोगों को शामिल किया गया है, जिससे पिछले साल के मुकाबले इस सूची में मौजूद कारोबारियों की संख्या में 148 का इजाफा हुआ है। वहीं, बीते पांच वर्षों में यह संख्या 859 बढ़ी है। रिपोर्ट में बताया गया कि इस सूची में शामिल लोगों की संयुक्त संपत्ति बढ़कर 167 लाख करोड़ रुपए हो गई है, जो कि पिछले साल के मुकाबले 5 प्रतिशत अधिक है। यह आंकड़ा स्पेन की जीडीपी से अधिक और भारत की जीडीपी के बराबर है। रिपोर्ट में बताया गया कि वैश्विक उतार-चढ़ाव और तनाव के कारण लिस्ट में शामिल लोगों की औसत संपत्ति गिरकर 9,850 करोड़ रुपए रह गई है, जो कि पिछले साल 10,320 करोड़ रुपए थी। भारत के शीर्ष 10 सबसे अमीर लोग और भी अधिक अमीर और युवा होते जा रहे हैं। शीर्ष 10 अमीरों की सूची में प्रवेश के लिए सीमा पिछले साल के 1.63 लाख करोड़ रुपए की तुलना में बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपए हो गई है, जबकि उनकी औसत आयु घटकर 69 वर्ष हो गई है, जो पहले से तीन साल कम है। स्टार्टअप वेल्थ क्रिएशन में अहम भूमिका निभा रहे हैं और 2025 में कुल 97 स्टार्टअप फाउंडर्स ने इस लिस्ट में जगह बनाई है। लिस्ट में शामिल अरबपतियों में से 137 फार्मा सेक्टर से, 132 इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स से और 125 केमिकल एवं पेट्रोकेमिकल्स से हैं।

# कैबिनेट ने दालों में आत्मनिर्भरता के लिए 11,440 करोड़ रुपए के प्लान को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 11,440 करोड़ रुपए के वित्तीय परिव्यय के साथ दालों में आत्मनिर्भरता मिशन को मंजूरी दे दी।

घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के उद्देश्य से इस ऐतिहासिक पहल को 2025-26 से 2030-31 तक छह वर्षों की अवधि में क्रियान्वित किया जाएगा।

सरकार के आधिकारिक बयान के अनुसार, दलहन मिशन के तहत अगले 4 वर्षों के दौरान लगभग 2 करोड़ किसानों को बेहतर बीजों की आपूर्ति की जाएगी और कटाई के बाद फसल के प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे तैयार किया जाएगा। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उत्पादकों से तुअर, उड़द और मसूर दालों की 100 प्रतिशत खरीद सुनिश्चित की जाएगी।

भारत की फसल प्रणालियों और आहार में दालों का विशेष महत्व है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दाल उत्पादक और उपभोक्ता देश है। बढ़ती आय और जीवन स्तर के साथ, दालों की खपत में भी वृद्धि हुई है। हालांकि, घरेलू उत्पादन मांग के अनुरूप नहीं रहा है, जिसके कारण दालों के आयात में 15-20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

उन्नत किस्मों को व्यापक रूप से उपलब्ध कराने के लिए, दलहन उत्पादक किसानों को 126 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज वितरित किए जाएंगे, जो 2030-31 तक 370 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करेंगे।



इस मिशन का उद्देश्य चावल की फसल केंद्रित भूमि और अन्य विविधीकरण योग्य भूमि को लक्षित करके दलहनों के क्षेत्रफल को 35 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाना है, जिसमें अंतर-फसलीय खेती और फसल विविधीकरण को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए किसानों को 88 लाख बीज किट निःशुल्क वितरित की जाएंगी। इस मिशन से 2030-31 तक दलहनों का क्षेत्रफल 310 लाख हेक्टेयर तक बढ़ने, उत्पादन 350 लाख टन तक बढ़ने और उपज 1130 किलोग्राम/हेक्टेयर तक पहुचने की उम्मीद है। उत्पादकता में वृद्धि के साथ-साथ, इस मिशन से रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर भी पैदा होंगे।

## भारत के जॉब मार्केट में सितंबर में हुई 10 प्रतिशत की वृद्धि : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत के जॉब मार्केट में सितंबर में सालाना आधार पर दोहरे अंक में वृद्धि हुई है, जिसमें फ्रेशर्स के साथ अनुभवी पेशेवरों की भर्तियां शामिल हैं। यह जानकारी बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। जॉब पोर्टल नौकरी की रिपोर्ट से पता चला है कि फ्रेशर्स की भर्ती में सालाना आधार पर 15 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जबकि 16 वर्ष से अधिक अनुभव वाले पेशेवरों की मांग सालाना आधार पर 13 प्रतिशत से अधिक बढ़ी है। महानगरों में भर्तियों को मुख्य रूप से हैदराबाद ने लीड किया, जहां सालाना आधार पर 15 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई, इसके बाद पुणे का स्थान रहा, जहां 13 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई। सितंबर के महीने में भर्तियों में नॉन-आईटी सेक्टर का बोलवाला रहा। इंश्योरेंस 28 प्रतिशत, रियल एस्टेट 26 प्रतिशत, बीपीओ/आईटीईएस 24 प्रतिशत, एजुकेशन 22 प्रतिशत, हॉस्पिटैलिटी 19 प्रतिशत की वृद्धि के साथ शीर्ष पर थे। आईटी सेक्टर एक प्रतिशत की वृद्धि के साथ स्थिर था। नौकरी के मुख्य व्यवसाय अधिकारी डॉ. पवन गोयल ने कहा, सितंबर में 10 प्रतिशत की वृद्धि वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही के लिए एक ठोस उपलब्धि है, और इस तिमाही के दौरान व्हाइट-कॉलर नियुक्तियों में कुल मिलाकर 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इंश्योरेंस और हॉस्पिटैलिटी जैसे क्षेत्रों ने पिछली तीन तिमाहियों में अपनी गति बनाए रखी है।

# सूर्या-ज्योतिका की बेटी दीया की फिल्मों में एंट्री



साउथ स्टार सूर्या और उनकी पत्नी व एक्ट्रेस ज्योतिका की एक्टिंग विरासत को अब उनकी बेटी दीया सूर्या आगे ले जा रही हैं। हालांकि, दीया ने माता-पिता की तरह अभिनय की दुनिया में नहीं, बल्कि बतौर निर्देशक अपनी शुरुआत की है। दीया ने पारिवारिक बैनर 2डी एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित डॉक्यू-ड्रामा शॉर्ट फिल्म लीडिंग लाइट से निर्देशन में कदम रखा है। लीडिंग लाइट बॉलीवुड में काम करने वाली महिला क्रू के सफर पर केंद्रित है। मौजूदा वक्त में यह फिल्म लॉस एंजिल्स के रीजेंसी थिएटर में ऑस्कर क्वालीफाइंग रन के लिए प्रदर्शित हो रही है, जो दीया के करियर की एक शानदार शुरुआत है। लीडिंग लाइट एक डॉक्यूमेंट्री ड्रामा है, जो फिल्म मेकिंग में पर्दे के पीछे रहकर लाइटनिंग का काम करने वाली महिलाओं के जीवन और उनके सफर को दिखाती है। यह एक ऐसा पहलू और लोग हैं, जिन्हें अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। इनकी कहानियां शायद ही कभी पर्दे पर दिखाई देती हैं। ऐसे में एक ऐसे विषय पर बनी फिल्म से अपनी शुरुआत करना दीया की हिम्मत को दिखाता है। यह शॉर्ट फिल्म 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक रीजेंसी थिएटर में हर दिन प्रदर्शित हो रही है। अपने नए नजरिये और जबरदस्त कहानी कहने के अंदाज से लीडिंग लाइट दर्शकों और समीक्षकों दोनों का ध्यान आकर्षित कर रही है।

## सूर्या और ज्योतिका हैं निर्माता

इस फिल्म के निर्माता सूर्या और ज्योतिका हैं, जिन्होंने अपनी बेटी के इस प्रोजेक्ट को सपोर्ट किया है। उन्होंने फिल्म की शुरुआत की घोषणा करते हुए कहा कि 2डी एंटरटेनमेंट के बैनर तले, हमें दीया सूर्या द्वारा निर्देशित एक डॉक्यू-ड्रामा लीडिंग लाइट का समर्थन करते हुए गर्व हो रहा है। यह बॉलीवुड की महिला क्रू के जीवन पर आधारित है।






# आयुष्मान ने थामा को बताया खास फिल्म

आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'थामा' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। यह मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म है। आयुष्मान पहली बार इस यूनिवर्स हिस्सा बन रहे हैं। ऐसे में हाल ही में हुए फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में आयुष्मान ने इस यूनिवर्स में शामिल होने पर खुशी जताई। साथ ही उन्होंने 'थामा' को अपने लिए एक स्पेशल फिल्म भी बताया।


ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान बोलते हुए आयुष्मान खुराना ने कहा, 'यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है। मैं हमेशा से मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा बनना चाहता था। यह भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला यूनिवर्स है। एक आम इंसान होने के नाते, मेरे आस-पास असामान्य चीजें हैं, मेरे आस-पास अलौकिक शक्तियां हैं, मुझे नहीं पता कि मैं इन सबका क्या करूं। इसलिए यह बहुत ही अनोखा है। यह दुनिया थामा के साथ अगले अध्याय को आगे बढ़ा रही है। यह वाकई रोमांचक है। यह मेरे लिए नया है।' 'थामा' को एक फैमिली एंटरटेनर बताते हुए आयुष्मान ने कहा कि फिल्म में कॉमेडी ज्यादा और हॉरर कम है। यह पहली बार है जब मेरी कोई फिल्म दिवाली पर रिलीज हो रही है। मैं दोगुना उत्साहित हूं। हर अभिनेता की यह बकेट लिस्ट होती है। थामा हॉरर जगत में बहुत कुछ जोड़ेगा और यह इस यूनिवर्स की कहानी को भी आगे बढ़ा रहा है।

मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित और आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित 'थामा' दिवाली के मौके पर 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में आयुष्मान के साथ रश्मिका मंदाना, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और परेश रावल भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। 'थामा' हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म है। 2018 में 'स्त्री' से शुरू हुए इस यूनिवर्स में अब तक 'भेड़िया', 'मुंज्या' और 'स्त्री 2' जैसी फिल्में शामिल हैं।






# फोर्स 3 में एक्शन करती नजर आएंगी मीनाक्षी चौधरी




**जॉन अब्राहम की सुपरहिट एक्शन फ्रैंचाइजी फोर्स के फैंस के लिए खुशखबरी है। खबर है कि फोर्स 3 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार पर्दे पर जॉन अब्राहम एक्शन के साथ ही एक दमदार कहानी लेकर आ रहे हैं। लेकिन सबसे खास बात यह है कि इस फिल्म में साउथ सिनेमा की सनसनी मीनाक्षी चौधरी को कास्ट किए जाने की खबर है। थलपति विजय की गोट, महेश बाबू की गुंटूर करम और नानी की हिट 2 के साथ ही इस हसीना ने दुलकर सलमान की लकी भास्कर में भी हर किसी का दिल जीता है।**

रिपोर्ट के मुताबिक, वेंकटेश के साथ संक्रांति वस्तुनम में नजर आ चुकीं मीनाक्षी को फोर्स 3 के लिए साइन कर लिया गया है। इसमें कहा गया है, कई नामों के ऑडिशन के बाद जॉन अब्राहम और भाव धूलिया ने फोर्स 3 में मीनाक्षी चौधरी को फाइनल कर लिया है। जॉन की तरह ही फिल्म में मीनाक्षी चौधरी भी एक्शन करती नजर आएंगी। वह अगले कुछ महीनों में एक्शन वर्कशॉप में हिस्सा लेंगी।

## राकेश मारिया बायोपिक के बाद फोर्स 3 की शूटिंग करेंगे जॉन अब्राहम

बहरहाल, चर्चा ये भी है कि फोर्स 3 की शूटिंग इसी साल नवंबर 2025 में शुरू हो जाएगी। फिलहाल, फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम जोर-शोर से चल रहा है। जॉन अब्राहम इन दिनों रोहित शेट्टी के साथ राकेश मारिया की बायोपिक की शूटिंग कर रहे हैं। इसके तुरंत बाद वह फोर्स 3 की शूटिंग शुरू कर देंगे।

## डेंटल सर्जन, स्टेट लेवल स्विमर, बैडमिंटन प्लेयर भी हैं मीनाक्षी

मीनाक्षी चौधरी ने चंडीगढ़ के सेंट सोल्जर इंटरनेशनल स्कूल से पढ़ाई की है। वह स्टेट लेवल की स्विमर और बैडमिंटन खिलाड़ी भी रह चुकी हैं। मॉडलिंग से सिनेमा की दुनिया में आने वाली मीनाक्षी ने पंजाब के नेशनल डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, डेरा बस्सी से डेंटल सर्जरी की डिग्री भी ली है।

## मिस इंडिया इंटरनेशनल रह चुकी हैं मीनाक्षी

मीनाक्षी ने साल 2018 में मिस इंडिया कंपीटिशन में भी हिस्सा लिया था और मिस इंडिया ग्रैंड इंटरनेशनल का ताज जीता। इसके बाद मिस ग्रैंड इंटरनेशनल 2018 में वह फर्स्ट रनरअप चुनी गईं।





# पंचायत फेम जीतू भैया के साथ नजर आएंगे अरशद वारसी

अरशद वारसी इन दिनों फिल्म जॉली एलएलबी 3 को लेकर चर्चा बटोर रहे हैं। इस फिल्म में उनके अभिनय की जमकर तारीफ हो रही है। इस बीच उनकी आगामी फिल्म का एलान हो गया है, जिसमें वे पंचायत सीरीज फेम जीतू भैया यानी एक्टर जितेंद्र कुमार के साथ नजर आएंगे। अरशद वारसी की आगामी फिल्म का आज शनिवार को एलान हुआ है। इस फिल्म में वे पंचायत फेम एक्टर जितेंद्र कुमार के साथ नजर आएंगे। फिल्म का नाम है भागवत। जी5 ने फिल्म का आधिकारिक एलान करते हुए फर्स्ट लुक पोस्टर भी शेयर किया है।

## सच्ची घटना पर आधारित फिल्म

यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें अरशद वारसी पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में दर्शकों को सस्पेंस और ड्रामा दोनों का डोज मिलेगा। फिल्म इंस्पेक्टर विश्वास भागवत की कहानी पर आधारित है और यह रोल अरशद वारसी अदा कर रहे हैं। जी5 ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का फर्स्ट लुक शेयर करते हुए कैप्शन लिखा है, हमने सोचा था कि 2025 के सभी प्लॉट ट्विस्ट खत्म हो गए हैं, लेकिन सबसे बड़ा ट्विस्ट यहां है... भागवत आ रहे हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान अक्षय शेरे के कंधों पर है। फिल्म को जियो स्टूडियोज, बावेजा स्टूडियोज और डॉग एन बोन पिक्चर्स मिलकर प्रोड्यूसर कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के रॉबर्ट्सगंज की भयावह पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म सस्पेंस, इमोशन और ड्रामा का मिश्रण है। यह फिल्म जी5 पर रिलीज होगी। फिलहाल इसकी रिलीज डेट का खुलासा नहीं हुआ है।





# माधवन ने बताया बॉलीवुड में एक्टर्स क्यों नहीं उठाते जोखिम

**अभिनेता आर माधवन शानदार अभिनय के साथ-साथ अपनी बेबाकी और मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखने के लिए भी जाने जाते हैं। अब माधवन ने बॉलीवुड में बचत या सेविंग के अभाव पर बात की है। साथ ही उन्होंने हॉलीवुड में एक्टर्स को मिलने वाली रॉयल्टी का भी जिक्र किया। इस दौरान एक्टर ने शाहरुख खान जैसे बड़े स्टार्स के प्रोड्यूसर बनने के फैसले पर भी प्रतिक्रिया दी।**

मेरी तीन फिल्में ही भर सकतीं पीढ़ियों का पेट
अक्षय राठी के साथ एक इंटरव्यू में आर माधवन ने बॉलीवुड में एक्टर्स के पास पैसों की बचत न हो पाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इनसिक्योरिटी की वजह से अभिनेता जोखिम उठाने से बचते हैं। हॉलीवुड में क्योंकि सितारे अपने पिछले काम के लिए लगातार पैसा कमाते रहते हैं, इसलिए वो बड़े जोखिम उठाते हैं। अगर भारत में भी ऐसा ही मॉडल होता, तो मेरी सिर्फ तीन हिट फिल्मों '3 इडियट्स', 'रंग दे बसंती' और 'तनु वेड्स मनु' से ही पीढ़ियों का पेट भरने के लिए पर्याप्त पैसा होता।

## ए लिस्ट स्टार्स की सैलरी पर बोले माधवन

स्टार्स की लाइफस्टाइल को लेकर माधवन ने कहा कि सितारे एक खास जीवनशैली के आदी हो जाते हैं, लेकिन बहुत कम लोग यह समझते हैं कि उन्हें अपनी क्षमता से ज्यादा खर्च नहीं करना चाहिए। ए-लिस्ट स्टार्स की सैलरी इतनी होती है कि वे जिंदगी भर इसी जीवनशैली को जी सकते हैं।

अगर मैं एक हॉलीवुड अभिनेता होता और मेरे पास इतनी सारी हिट फिल्में होतीं, तो क्या आपको लगता है कि मैं किसी जोखिम भरे प्रोजेक्ट में हाथ डालने से पहले दोबारा सोचता? मैं तुरंत उसमें कूद पड़ता, क्योंकि मुझे पता था कि मेरी आने वाली पीढ़ियों का ध्यान सिर्फ तीन ब्लॉकबस्टर फिल्मों से ही रखा जा सकता है। लेकिन जब आपको पता होता है कि पेंशन नहीं है, लेकिन आपने एक ऐसी जीवनशैली बना ली है जिसे आपको बनाए रखना है, तो आप सोचने लगते हैं, पैसे तो ले लो, पता नहीं कल मिलेगा के नहीं।

## इंडस्ट्री में असमान पेमेंट पर कोई नहीं बोलता

माधवन ने कहा कि इंडस्ट्री में असमान पेमेंट अब एक आम बात है, लेकिन कोई भी उसे चुनौती नहीं देना चाहता। क्योंकि उनके पास समय या संसाधन नहीं हैं। जैसे ही बकाया राशि संभव होगी, मुझे यकीन है कि हर कोई इसमें शामिल होना चाहेगा क्योंकि तब आप अपनी पसंद का काम कर सकते हैं।

## शाहरुख के प्रोड्यूसर बनने पर कही ये बात

अपने करियर के शुरुआती दिनों में ही शाहरुख खान के ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए प्रोड्यूसर बनने का फैसला क्या समझदारी भरा कदम था? यह पूछे जाने पर माधवन ने कहा कि सभी के लिए एक जैसा दृष्टिकोण नहीं अपनाया जा सकता। सितारों का एक वर्ग तो ऐसा कर सकता है, लेकिन इंडस्ट्री के निचले तबके के लोगों के पास उतना पैसा नहीं होता और न ही उतनी आर्थिक सुरक्षा होती है।

अगर आपको दो अंकों का वेतन मिल रहा है, तो उन पर लागू होने वाले नियम अलग होते हैं, क्योंकि उन्होंने अपना भविष्य सुरक्षित कर लिया है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in